दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 102 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 01 मई, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162



# पीएम मोदी ने महिला सशक्तिकरण के लिए खूब कार्य किया, महिला -युवा- किसान- मजदूर हमारी प्राथमिकता : सीएम शर्मा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर प्रशंसा की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 के बाद से लेकर अब तक महिला सशक्तिकरण के लिए जो उल्लेखनीय कार्य किए हैं उनसे महिलाओं की जिंदगी में जबरदस्त सुधार हुआ है इसी का नतीजा है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भी महिला सशक्तिकरण के लिए केंद्र की मोदी सरकार के सानिध्य और सहयोग से कई बड़े कार्य और कई बड़ी योजनाएं शुरू की गई हैं जिससे महिलाओं की जिंदगी में खुशहाली हुई है और महिलाएं खुद आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन रही हैं मुख्यमंत्री शर्मा गुरुवार को पाली जिले के रोहट में श्री राजेश्वरी भगवान अंजनी माता धाम संस्थान में नवनिर्मित गर्ल्स कॉलेज भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

## महिला, युवा, किसान, मजदूर की भलाई और विकास हमारी प्राथमिकता

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री देश में सिर्फ चार जातियां मानते हैं और इन चार जातियों के विकास और कल्याण के लिए सतत प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला, युवा, किसान और मजदूर यह चार जातियां मानते हैं और इन चारों जातियों की भलाई और विकास को हमारी सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ही योजनाएं तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भी पिछले सवा दो साल में महिला, युवा, किसान और मजदूर के कल्याण और विकास के लिए कई तरह की योजनाएं और कई तरह के कार्यक्रम शुरू किए गए हैं जिनका फायदा उठाकर महिला युवा किसान और मजदूर काफी लाभान्वित हो रहे हैं ।



## हमारी सरकार में अब तक करीब 350 भर्ती परीक्षा हुई, एक भी परीक्षा में पेपर लीक और गड़बड़ी नहीं हुई

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोर देकर कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में पूरे 5 साल तक एक के बाद एक सरकारी भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होते रहे। जिसकी वजह से पूरे 5 साल तक राजस्थान के युवा नौकरी के लिए राजस्थान के सड़कों पर आंदोलन करते रहे लेकिन उनकी नौकरी नहीं लगी । नौकरी उन्हीं लोगों की लगी जो सरकार से जुड़े लोगों के करीबी थे। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमने सभी परीक्षाओं के पेपर लीक के मामलों की जांच के लिए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया जिसमें बड़े-बड़े लोगों को हमने जांच में दोषी पाने पर जेल की सलाखों के पीछे भेजा है और अभी भी जांच जारी है जो भी दोषी पाया जाएगा उसे जेल भेजेंगे चाहे वह कितना ही बड़ा प्रभावशाली व्यक्ति क्यों ना हो ।उन्होंने कहा कि पिछले सवा दो साल में हमारी सरकार के शासनकाल में प्रदेश में 350 सरकारी भर्ती परीक्षाओं का अब तक आयोजन हो चुका है लेकिन इनमें एक भी भर्ती परीक्षा में ना तो कोई पेपर लीक हुआ और ना ही किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी की शिकायत सामने आई । उन्होंने कहा कि यह हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है इसीलिए राजस्थान का युवा हमारी सरकार को उम्मीद की निगाह से देख रहा है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमने पिछले सवा दो साल में सरकारी और निजी दोनों ही क्षेत्र में बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध करवाया है इसके अलावा हमारी सरकार युवाओं को रोजगार लेने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में कार्य कर रही है इसके लिए युवाओं को उनके रोजगार के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है बहुत ही कम ब्याज दर पर जिसका युवा फायदा उठा रहे हैं और छोटे-छोटे खुद के रोजगार स्थापित करके खुद भी स्थापित हो रहे हैं और प्रदेश के आर्थिक विकास को भी गति दे रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमने युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए युवा नीति भी तैयार की है इसके आधार पर हम युवाओं का विकास कर रहे हैं ।

**पाली**

**जिले के रोहट में श्री राजेश्वरी भगवान अंजनी माता धाम में नवनिर्मित गर्ल्स कॉलेज भवन का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण, इस मौके पर गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकर भाईचौधरी, कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, पीपी चौधरी, विधायक हमीर सिंह भायल, संघ के निंबाराम, पीठाधीश्वर साध्वी भगवती बाई जी, दयाराम जी महाराज, पदमाराम जी महाराज, सुमन सुलभ महाराज इत्यादि गणमान्य लोग मौजूद रहे**

## देश में वर्ष 2014 के बाद महिला सशक्तिकरण के लिए पीएम मोदी ने ऐतिहासिक कार्य किया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में महिलाओं की हालत काफी खराब थी और महिलाओं को आधारभूत सुविधाओं के अभाव में काफी परेशानी से जूझना पड़ता था उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में देश में महिला और पुरुष के लिंगानुपात में काफी अंतर था यह एक गंभीर समस्या थी लेकिन देश के शासन की बागडोर अपने हाथ में लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को पूरे देश भर में सफलतापूर्वक संपादित करवाया जिसके फलस्वरूप आज पुरुष और महिला के लिंगानुपात के अंतर में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि इसी तरह से देश की महिलाओं को चूल्हे में लकड़ी से खाना बनाना पड़ता था धुएं की वजह से उनकी आंखें और उनका स्वास्थ्य खराब होता था इस समस्या को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काफी गंभीरता से महसूस किया और उज्ज्वला योजना के माध्यम से हर घर में गैस पहुंचाई इसी तरह से हर घर में शौचालय बनवाकर महिलाओं को काफी राहत दी और इसके अलावा लखपति दीदी, पीएम मातृवंदन योजना, मृदा योजना जैसी अनेकों योजनाएं महिलाओं को समर्पित की है जिनका महिलाएं भरपूर फायदा उठा रही हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भी पिछले दो साल में 43000 छात्रों को हमने स्कूटी वितरित की है और महिला सुरक्षा के लिए व्यापक कदम उठाए हैं तथा महिलाओं की कल्याण, भलाई, शिक्षा के लिए कई फैसले लिए हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमने पिछले दो साल में शिक्षा के क्षेत्र में भी शानदार कार्य किया है उन्होंने कहा कि राजस्थान में महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए हमने गांव और शहर में महिलाओं के समूह बनाकर उन्हें रोजगार के लिए प्रेरित किया इसका बहुत अच्छा नतीजा सामने आया है महिलाएं आर्थिक रूप से काफी समृद्ध हो रही हैं और खुद भी अच्छा जीवन की रही हैं तथा अपने परिवार को भी आर्थिक संबल दे रही है और प्रदेश के विकास में भी अपना योगदान दे रही है ।

## प्रदेश में खेती के विकास और किसान की इनकम को बढ़ाने के लिए कर रहे कार्य

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछले 2 साल में हमने शुरू के शासनकाल के पहले साल में पानी को लेकर कई बड़े फैसले लिए चाहे वह रामसेतु लिंक जल परियोजना हो या फिर यमुना जल समझौता या फिर गंग नहर ऐसे अनेक योजनाओं पर हम प्रदेश के हर जिले में पीने के पानी और खेतों में समुचित पानी उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं इसके सरकार के दूसरे कार्यकाल में हमने बिजली उत्पादन पर जोरदार काम किया सौर ऊर्जा के क्षेत्र में हम पूरे देश में नंबर वन हैं और सौर ऊर्जा में निरंतर पश्चिमी राजस्थान में बड़ी संख्या में किसान बिजली उत्पादन करने लगे हैं इसलिए हम बहुत जल्दी ही बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने वाले हैं और अगले साल प्रदेश के सभी किसानों को हम दिन में बिजली उपलब्ध करवाने लग जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसी तरह से हमने प्रदेश में रोजगार के अच्छे अवसर डेवलप करने के लिए तथा प्रदेश के आर्थिक विकास को गति देने के लिए प्रदेश में औद्योगिक माहौल बनाया है जिसमें राइजिंग राजस्थान में हुए 35 लाख करोड़ के समझौते में 9 लाख करोड़ से ज्यादा के समझौते धरातल पर आ गए हैं जिसकी वजह से बड़ी संख्या में प्रदेश में रोजगार के अवसर पराजित हो रहे रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमने खेती में नवाचार आधुनिकरण के लिए प्रदेश के किसानों में जन जागृति पैदा कर रहे हैं ताकि किसान अपने खेतों में अपना उत्पादन बढ़ा सके इसके अलावा किसानों को डेयरी,पशुपालन मत्स्य पालन मछली पालन इत्यादि सहायक धंधों से भी जोड़ा जा रहा है ताकि उनकी आर्थिक इनकम में जबरदस्त इजाफा हो सके इसके लिए अगले महीने जयपुर में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश और दुनिया के कृषि क्षेत्र से जुड़े तमाम तरह के लोग मौजूद रहेंगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साफ कहते हैं कि जब तक देश का किसान समृद्ध नहीं होगा तब तक देश समृद्ध नहीं हो सकता इसलिए हम किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत रूप से कार्य कर रहे हैं ।

# राज्यवर्धन राठौर ने विकास कार्यों पर की सीनियर लेवल समीक्षा बैठक, सभी विभागों को दिए स्पष्ट निर्देश

## रोड, ड्रेनेज, बिजली-हर विभाग के लिए निर्धारित की डेडलाइन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज गति देने और लंबित समस्याओं के समाधान के लिए केबिनेट मंत्री एवं झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने आज एक उच्चस्तरीय समन्वय बैठक का आयोजन किया। बैठक मे जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग इत्यादि विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य स्पष्ट रूप से जमीनी स्तर पर परिणाम सुनिश्चित करना और विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना रहा। बैठक के दौरान उद्योग मंत्री राठौड़ ने कहा कि हर समस्या का समाधान तय समय सीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से होना चाहिए। बैठक में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने जनसंवाद में लोगों के सुझाव और समस्याओं पर चर्चा कर योजना को तुरंत एक्सक्लूजन मोड पर किया। सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सिरसी-हाथोज लिंक रोड, महाराणा प्रताप रोड रंगोली गार्डन तक, कालवाड़ रोड, खिरणी फाटक से कनकपुरा मार्ग और बिंदायका क्षेत्र की सड़कों की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया। तय समय में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करना अनिवार्य है। बैठक में सीवरेज और ड्रेनेज से जुड़े मुद्दों को भी गंभीरता से उठाया गया, वार्ड 47, 48, 51 और 53 में कार्यों की प्रगति पर चर्चा की। सिरसी रोड से मुंडियारामसर तक ड्रेनेज व्यवस्था, साथ ही गोकुलपुरा और गिरधारीपुरा में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के निर्देश दिए। आगामी दिनों में शुरू हो रहे मानसून को ध्यान में रखते हुए कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ प्री मानसून प्रिपरेशन सुनिश्चित किए।



बैठक में स्वच्छता व्यवस्था और 206 बीघा डंपिंग यार्ड के मुद्दे पर भी गंभीर चर्चा हुई। नगर निगम को कचरा निस्तारण और वैशाली नगर, बालाजी विहार समेत सभी कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था को तुरंत प्रभाव से बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए, ताकि जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके। इसके साथ ही सिरसी-हाथोज आर ओ बी , बिंदायका रेलवे स्टेशन आर यू बी, धानक्या, अन्य रेल ओवरब्रिज,अंडरपास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्हें तेज गति से आगे बढ़ाने और विभागीय समन्वय मजबूत करने पर जोर दिया गया। साथ ही क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को लेकर ट्यूबवेल, ओ एच एस आर और बीसलपुर जल परियोजना से जुड़े लंबित कार्यों की समीक्षा की गई। राज्यवर्धन राठौड़ ने स्पष्ट किया कि जहां भी पानी की समस्या है, वहां प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बिजली व्यवस्था को लेकर भी उन्होंने 11 केवी और 132 केवी हाई टेंशन लाइनों को भूमिगत करने की प्रक्रिया से जुड़े सुरक्षा मुद्दों को तुरंत हल करने के निर्देश दिए,राठौड़ ने स्थानीय इंफ्रास्ट्रक्चर पर चर्चा करते हुए कनकपुरा से कालवाड़ रोड सेक्टर रोड सहित प्रमुख मार्गों पर विकास की चर्चा की। कॉलोनियों में गेट, पार्क व अन्य सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान राठौड़ ने अपने विजन को स्पष्ट करते हुए कहा कि जनसंवाद से समाधान तक का सफर तभी पूरा होगा, जब सभी विभाग मिलकर कार्य करेंगे और जनता को वास्तविक बदलाव दिखाई देगा। उन्होंने निर्देश दिए कि हर कार्य की नियमित मॉनिटरिंग हो, स्पष्ट समय सीमा तय की जाए।

यह बैठक झोटवाड़ा के विकास कार्यों को नई गति देने के लिए एक निर्णायक कदम रही।


# युवा अपनी ऊर्जा का उपयोग राष्ट्रहित और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए करें- देवनानी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी गुरुवार को लाडनूं के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने जैन विश्व भारती संस्थान में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा आयोजित 'दक्षिणांचल स्तरीय युवा सम्मेलन' में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जैन विश्व भारती पहुंचकर शांतिदूत आचार्य महाश्रमण जी के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और उनसे गहन आध्यात्मिक चर्चा की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने राज्य की प्रगति और जनहित के कार्यों पर आचार्य श्री का मार्गदर्शन प्राप्त किया। सम्मेलन में नए भारत में युवाओं की भूमिका विषय पर संबोधित करते हुए विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि भारत




कोई जमीन का टुकड़ा नहीं बल्कि हमारी जन्म भूमि,कर्म भूमि और पुण्य भूमि है। देश के नवनिर्माण में युवाओं की भूमिका सर्वोपरि है। उन्होंने तेरापंथ युवक परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि परिषद न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक मूल्यों को सहेज रही है, बल्कि रक्त दान, नशा मुक्ति और सेवा कार्यों के माध्यम से समाज को नई दिशा भी दे रही है। उन्होंने उपस्थित युवाओं का आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र हित और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए करें। देवनानी ने कहा कि आचार्य महाश्रमण भी पूरे विश्व को मानवता, शांति, नैतिकता का संदेश दे रहे हैं, जिसे युवाओं को आत्मसात कर भारतीय मूल्यों को सम्पूर्ण विश्व में स्थापित करना चाहिए। इससे पूर्व लाडनूं स्थित जैन विश्व भारती पहुँचने पर संस्थान एवं तेरापंथ समाज और स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा विधान सभा अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। सम्मेलन में युवा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान परिषद के पदाधिकारियों ने संगठन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सेवा प्रकल्पों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, तेरापंथ युवक परिषद के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
01 मई, 2026

# जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में जिला जल एवं स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने जिले में स्वीकृत जल योजनाओ एवं प्रस्तावित जल योजनाओ की प्रगति के सम्बन्ध मे चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्वीकृत जल योजनाओं की निविदा एवं कार्य प्रगति की स्थिती की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिले में बढ़ती गर्मी एवं जल संकट की स्थिति को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि जिस भी ग्राम पंचायत में टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति की जा रही है, इसकी जानकारी सप्लाई से पूर्व में संबंधित क्षेत्र में आमजन तक पहुंचाई जाए। अधीक्षण अभियंता धर्मवीर सिहं ने बताया कि जल जीवन मिशन में स्वीकृत 543 ग्रामों में से 502 ग्रामो ( 127675 जल कनेक्शन) के कार्यादेश के तहत 91603 जल कनेक्शन जारी किये जा चुके है। स्वीकृत 543 ग्रामों में 502 ग्रामों के कार्यादेश जारी, 46 ग्राम नान- फिजिबल/ शहरी हो गए है। जारी कार्यादेशो में से 299 ग्रामों की योजनाओं 100 प्रतिशत जल कनेक्शन कर, 93 ग्रामो की योजना ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित की जा चुकी है। जल जीवन मिशन के 326 ग्रामों का कार्य भौतिकरूप से पूर्ण कर 298 ग्राम हर घर जल रिपोर्ट एव 61 ग्राम हर घर जल प्रमाणित किये जा चुके है, 93 ग्रामो की योजना ग्राम पचायतों को हस्तानान्तरित किए गए। जिस पर जिला कलेक्टर ने प्रगति बढाने हेतू निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि अमृत 2.0 के अंतर्गत शहरी योजना टपूकड़ा एवं NCR परियोजना के अंतर्गत शहर खैरथल का कार्य प्रगति पर है। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# 33प्रतिशत महिला आरक्षण बिल पर भाजपा महिला मोर्चा का आक्रोश, किशोरी मंडल में सम्मेलन आयोजित




जयपुर टाइम्स

**थानागाजी(निसं.)।** 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस के विरोध के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा ने किशोरी मंडल क्षेत्र में आक्रोश सम्मेलन आयोजित किया। कार्यक्रम में महिला कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की नेत्री रूबिया उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक महिला आरक्षण बिल को लटकाए रखा, जिसके कारण यह लंबे समय तक पारित नहीं हो सका। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की महिला विरोधी सोच के चलते महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने इस दिशा में सकारात्मक प्रयास किए, लेकिन कांग्रेस ने विरोध कर बिल को पास नहीं होने दिया। रूबिया उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस की नीयत महिलाओं के विकास और उनकी राजनीतिक भागीदारी को रोकने की रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने केवल राजनीति की, लेकिन महिलाओं को 33' आरक्षण देने की सच्ची इच्छाशक्ति कभी नहीं दिखाई। उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले समय में महिलाएं कांग्रेस को इसका करारा जवाब देंगी। कार्यक्रम के दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने पदयात्राएं निकालीं और तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। तख्तियों पर कांग्रेस द्वारा बिल को पास न होने देने से जुड़े पुराने घटनाक्रमों का उल्लेख किया गया। कार्यकर्ताओं ने महिलाओं के सशक्तिकरण और राजनीति में उनकी भागीदारी के महत्व को भी जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम के अंत में मंडल उपाध्यक्ष विक्रम सिंह ने सभी महिला कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हर समय भाजपा के साथ खड़े रहने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर संतोष देवी, विमला, केलादेवी, श्रवणी, साक्षी, निधि सहित अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# मजदूर दिवस पर श्रमिक एकता का संदेश, दीप जलाने का लिया संकल्प

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** बंधुआ मुक्ति मोर्चा एवं राजस्थान निर्माण एवं जनरल मजदूर यूनियन के संयुक्त तत्वाधान में राज गुप्ता सभागार में मजदूर दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने भाग लेते हुए एकजुटता और अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित सभी श्रमिकों ने संकल्प लिया कि इस वर्ष से मजदूर दिवस की संध्या को अपने-अपने घरों के बाहर दीपक जलाकर श्रमिक एकता का प्रतीक प्रस्तुत करेंगे और इस पहल को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बंधुआ मुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश याज्ञिक ने श्रमिकों से संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। वहीं वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि जब तक श्रमिक वर्ग जाति और धर्म के आधार पर बंटा रहेगा, तब तक उनकी जायज मांगों को पूरा कराना मुश्किल रहेगा।

# संभागीय आयुक्त वी. सरवण कुमार ने ली बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों के क्रियान्वयन, बिजली व पेयजल व्यवस्था के सबंध में समीक्षा बैठक

## ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था रखे चाक-चौबंद - संभागीय आयुक्त

## जिले के नवाचारों एवं विशेष उपलब्धियों की कि सराहना

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** संभागीय आयुक्त वी. सरवण कुमार ने गुरूवार को कलक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं व विकास कार्यों के क्रियान्वयन, राजस्व अर्जन एवं बिजली व पेयजल व्यवस्था की समीक्षा बैठक लेकर संबधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने जिले की उपलब्धियों व नवाचारों के संबंध में फीडबैक लेकर उनकी सराहना की। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला मौजूद रही। संभागीय आयुक्त ने राज्य सरकार द्वारा जिले के लिए तीन बजटों में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर निर्देश दिए कि अंतर विभागीय समन्वय से बजट घोषणाओं को समयबद्ध धरातल पर उतारना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को इनका यथाशीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से महत्वपूर्ण बजट घोषणाओं यथा प्याज एवं सब्जी के लिए सेंटर आफ एक्सीलेंस, बायोलॉजिकल पार्क स्थापना, 200 करोड रुपए की लागत से नवीन दुग्ध संयंत्र स्थापना, नाइट टूरिज्म, अलवर शहर में नवीन बस स्टैंड, साइंस सेंटर, बालिका सैनिक स्कूल, विभिन्न जीएसएस निर्माण कार्य, सड़क निर्माण कार्यो, सिलीसेढ पेयजल परियोजना, 40 करोड रुपए की लागत से नटनी का बारां बियर से जयसमंद कैनाल, केंद्रीय कारागृह निर्माण, जिला चिकित्सालय में बेड क्षमता वृद्धि, नमो वन एवं नर्सरी की स्थापना, हनुमान वाटिका इत्यादि के संबंध में फीडबैक लेकर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अर्जन करने वाले विभागों से लक्ष्यों का फीडबैक लेकर निर्धारित लक्ष्यानुसार रेवेन्यू अर्जित करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने जिले में विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था का विस्तृत फीडबैक लेकर गर्मी के मौसम के दृष्टिगत निर्बाध विद्युत आपूर्ति व सुचारू पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों से समर कंटीन्जेंसीज प्लान, जिलें में पेयजल योजनाओं की स्थिति, टैंकरों द्वारा पेयजल सप्लाई, कंट्रोल रूम पर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई इत्यादि के बारे में वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को ग्रीष्म ऋतु के मध्यनजर हीटवेव एवं लू-तापघात के मरीजों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने एवं बचाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां रखने के लिए निर्देशित किया।

## जिले के नवाचारों एवं विशेष उपलब्धियो की सराहना की

बैठक में संभागीय आयुक्त को जिला कलक्टर ने जिले में किये जा रहे नवाचारों एवं महत्वपूर्ण उपलब्धियों से विस्तार से अवगत कराया, जिस पर संभागीय आयुक्त ने जिले में किये जा रहे बेहतरीन नवाचारों एवं प्राप्त उपलब्धियों की सराहना की। जिले के प्रमुख नवाचारों में पार्क लाइब्रेरी (विद्या कुंज), अलवर दर्शन पार्क, वेस्ट टू वेल्थ आर्ट कलाकृतियों, सीएनडी व एसटीपी प्लांट एवं वेस्ट टू वेल्थ पार्क के बारे में बताया, वहीं जिले की उपलब्धियों में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण की थर्ड कैटिगरी में तीसरा स्थान, जल संचय-जन भागीदारी अभियान की तीसरी कैटेगरी में प्रथम स्थान, राजस्थान एनर्जी कंजर्वेशन अवॉर्ड, विशेष योग्यजनों के लिए उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मान तथा एसआईआर में बेहतरीन कार्य के लिए जिले को राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर सम्मान मिले हैं। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने संभागीय आयुक्त को विश्वास दिलाया कि बैठक में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित कराई जाएगी। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम बीना महावर, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, यूआईटी सचिव स्नेहल नाना धीगदे, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, उप पुलिस अधीक्षक अंगद कुमार, एसीएफ हितेश कुमार, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता आर.डी बंसल, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, सीडीईओ महेश गुप्ता, सरस डेयरी एमडी उमाशंकर चौधरी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरसीए एडहॉक कमेटी ने आरसीए ग्राउडं स्टाफ को आईपीएल की तैयारियों हेतु दिए निर्देश

## एडहॉक संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव, सदस्य आशीष तिवाड़ी, अरिष्ट सिंघवी ने की तैयारियों की समीक्षा




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं.)।** आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव व सदस्य आशीष तिवाड़ी , अरिष्ट सिंघवी ने जयपुर में आगामी 1 मई को राजस्थान रॉयल्स - दिल्ली कैपिटल्स के मध्य सवाई मान सिंह स्टेडियम पर खेले जाने वाले टाटा आईपीएल मैच के लिए राजस्थान क्रिकेट संघ ग्राउंड स्टाफ द्वारा की जा रही तैयारियों को निरिक्षण किया। संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी जयपुर में आईपीएल के आयोजन में राज्य सरकार, बीसीसीआई , राजस्थान रॉयल्स का हर स्तर पर सहयोग कर रही है। इसी कड़ी में आरसीए ने सवाई मान सिंह स्टेडयम मैदान को आईपीएल मैच के आयोजन के लिए नियमित ग्राउंड स्टाफ के साथ अन्य ग्राउंड से प्रशिक्षित ग्राउंड्समैन को भी सहयोग के लिए उपलब्ध कराया है व ये सभी दिन रात मेहनत कर सवाई मान सिंह स्टेडियम को उच्च स्तर पर तैयार करने हेतु अथक प्रयास कर रहे हैं।

आरसीए एडहॉक कमेटी ने बीसीसीआई ऑफिशल्स को भी पूर्ण विश्वास दिलाया है की आरसीए एडहॉक कमेटी जयपुर में आईपीएल के आयोजन के लिए हर स्तर पर पूर्ण सहयोग दे रही है व आरसीए आवश्यकता पड़ने पर अपने सभी अनुभवी ऑफिशल्स, आरसीए स्टाफ को भी सहयोग करने के लिए उपलब्ध कराएगा।

राजस्थान रॉयल्स - दिल्ली कैपिटल्स मैच से पूर्व सवाई मान सिंह स्टेडियम पर दिल्ली कैपिटल्स टीम ने अभ्यास किया। भारत के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी व दिल्ली कैपिटल्स के स्पोर्ट स्टाफ मुनाफ पटेल ने आरसीए द्वारा आईपीएल मैचों के लिए तैयार किये गए ग्राउंड की जमकर तारीफ करते हुए कहा की जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम का ग्राउंड आईपीएल का सबसे उच्च स्तरीय व शानदार ग्राउंड है जिसका सारा श्रेय आरसीए व उसके स्टाफ को जाता।

# केंद्रीय वन मंत्री यादव ने किया सरिस्का टाइगर रिजर्व का भ्रमण






## वेंकटेश बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरूवार सवेरे सरिस्का टाइगर रिज़र्व का भ्रमण किया इस दौरान प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीवों के आवास का करीब से अवलोकन किया। केंद्रीय वन मंत्री यादव ने वन विभाग के अधिकारियों सरिस्का अभयारण्य की वर्तमान स्थिति का जायजा लेकर बाघ संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रिजर्व में आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होवे। इसके लिए रिजर्व क्षेत्र में सभी व्यवस्था पुख्ता रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने टाइगर रिजर्व के विकास को दृष्टिगत रखते हुए रिजर्व क्षेत्रा में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने, सर्विलांस प्रणाली को मजबूत करने, बाघों की सुरक्षा के लिए स्मार्ट पेट्रोलिंग आदि पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिये।

### वेंकटेश बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की

इससे पहले केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अलवर शहर के कालाकुआं स्थित श्री वेंकटेश बालाजी दिव्य धाम मंदिर दर्शन कर देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने गो माता की पूजा कर स्वामी सुदर्शन आचार्य जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सरस डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, सरिस्का टाइगर रिजर्व के सीसीएफ संग्राम सिंह कटिहार, अरूण जैन, पं. जलेसिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

# जिले के सबसे बड़े अस्पताल में न्यूरो सेवाओं का मृत ढांचा




## मरीजों की जिंदगी रेफरल और निजी अस्पतालों के भरोसे

अलवर। गोपेश कुमार

जिले के सबसे बड़े सरकारी स्वास्थ्य संस्थान राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय में चिकित्सा व्यवस्था की हकीकत एक बार फिर सवालों के घेरे में है जिले के अस्पताल में न्यूरो सर्जरी और न्यूरो फिजिशियन की सेवाएं नही है या यूं कहें कि जमीनी स्तर पर इस विभाग का अस्तित्व शून्य है परिणामस्वरूप मरीजों को न तो विशेषज्ञ इलाज मिल पा रहा है और न ही समय पर राहत।

## विशेषज्ञों की जगह 'जुगाड़' व्यवस्था

अस्पताल में न्यूरो सर्जरी के मरीजों को जनरल सर्जन के भरोसे छोड़ दिया गया है, जबकि न्यूरो फिजिशियन से जुड़े मामलों को फिजिशियन देख रहे हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति न केवल चिकित्सा मानकों के विपरीत है, बल्कि मरीजों के जीवन के साथ सीधा खिलवाड़ भी है।

## हेड इंजरी से लेकर स्ट्रोक तक–सबका एक ही इलाजः रेफर

गंभीर स्थिति वाले मरीज–चाहे हेड इंजरी हो, ब्रेन हेमरेज या लकवा (स्ट्रोक) उन्हें तत्काल जयपुर या अन्य बड़े शहरों के अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है। कई बार समय पर एम्बुलेंस और उचित व्यवस्था न मिलने से मरीजों की हालत और बिगड़ जाती है।

## निजी अस्पतालों की मजबूरी, जेब पर भारी बोझ

सरकारी अस्पताल में विशेषज्ञ इलाज न मिलने के कारण मरीजों को मजबूरन निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जहां मोटी फीस और महंगा इलाज उनकी आर्थिक स्थिति पर भारी पड़ता है। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए यह स्थिति किसी त्रासदी से कम नहीं है।

## राजनीतिक प्रतिनिधित्व के बावजूद बदहाल हालात

विडंबना यह है कि वर्तमान में राज्य और केंद्र सरकार में अलवर का प्रतिनिधित्व करने वाले मंत्री मौजूद हैं। इसके बावजूद जिला अस्पताल की स्थिति में कोई सुधार नजर नहीं आता। यह सवाल उठता है कि जब सत्ता में प्रतिनिधित्व है, तो फिर स्वास्थ्य सेवाएं इतनी लचर क्यों?

## सरकारी दावों पर सवाल

एक ओर सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और सुधार के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर जिले के सबसे बड़े अस्पताल में बुनियादी विशेषज्ञ सेवाओं का अभाव इन दावों की पोल खोल रहा है। यह विरोधाभास आमजन के विश्वास को कमजोर कर रहा है।

## जनता की मांग जल्द हो पद स्वीकृत और नियुक्तियां

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि सामान्य चिकित्सालय में न्यूरोलॉजी विभाग का पद सृजित कर जल्द न्यूरो सर्जरी व न्यूरो फिजिशियन के पदों पर तत्काल नियुक्ति की जाए, ताकि मरीजों को जिले में ही उचित और समय पर इलाज मिल सके

## समय रहते उठाए ठोस कदम

अलवर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में न्यूरो सेवाओं का अभाव केवल एक प्रशासनिक कमी नहीं, बल्कि यह एक गंभीर मानवीय संकट है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह लापरवाही कई जिंदगियों पर भारी पड़ सकती है

## इनका कहना

चिकित्सालय में न्यूरोलॉजी विभाग में न्यूरो फिजिशियन व न्यूरो सर्जन के विशेषज्ञ नही है इनके मरीजो को जनरल फिजिशियन व जनरल सर्जन देख रहे है। हैड इंजरी व गंभीर मरीजो को रैफर कर दिया जाता है इसके लिये सरकार को मांग भेज रखी है ।

**प्रवीण शर्मा प्रमुख् चिकित्सा अधिकारी अलवर**

# अलवर को मिली प्रदेश की पहली पार्क लाइब्रेरी 'विद्या कुंज' की सौगात

**अलवर दर्शन पार्क एवं कुश्ती हॉल का हुआ शुभारम्भ डबल इंजन की सरकार में विकास की रफ्तार दुगुनी - केंद्रीय वन मंत्री यादव**

**शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता को केंद्र में रखकर अलवर के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध - वन राज्यमंत्री शर्मा**




**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने गुरूवार को अलवर शहर के डी-ब्लॉक बुध विहार में प्रदेश की पहली हाईटेक पार्क लाइब्रेरी 'विद्या कुंज ', सूर्य नगर में अलवर दर्शन पार्क तथा इंदिरा गांधी स्टेडियम में कुश्ती हॉल का शुभारम्भ कर आमजन को समर्पित किया।

केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अलवर को मिली सौगातों पर बधाई देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार होने से विकास की रफ्तार दुगुनी हुई है। उन्होंने कहा कि आमजन की सहभागिता से किए जा रहे विकास कार्यों से अलवर जिला चहुंमुखी विकास की ओर तेजी से आगे बढ रहा है। उन्होंने कहा कि अलवर शहर को प्रदेश की पहली पार्क लाइब्रेरी के रूप में सौगात देकर वन राज्यमंत्री, जिला प्रशासन, यूआईटी ने सार्थक कार्य किया है। इस पार्क लाइब्रेरी से मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को बल मिलेगा। आमजन के जुड़ाव के लिए पुस्तक दान का कदम सराहनीय है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में जिस प्रकार से सार्थक प्रयास हुए है, जिसमें प्रशासन से लेकर पार्षद, सफाई कर्मचारी एवं नागरिकों की सहभागिता से अलवर शहर स्वच्छता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही अलवर में पर्यटन में सरिस्का में आने वाले पर्यटक जहां वर्ष 2022-23 में वार्षिक 51 हजार की संख्या के मुकाबले वर्ष 2025-26 में 90 हजार से अधिक पर्यटक आए हैं, जिससे सरिस्का की आय में 62 लाख से बढकर 1 करोड़ 28 लाख रूपये हो गई है, जो कि अभूतपूर्व उपलब्धि है। इसे सबकी सहभागिता से और आगे ले जाएंगे। केंद्रीय वन मंत्री ने कुश्ती हॉल के शुभारम्भ के अवसर पर कुश्ती के 10 बॉयेज व 10 गर्ल्स श्रेष्ठ खिलाडियों को तीन साल तक स्कॉलरशिप देने की घोषणा कर कहा कि यह स्कॉलरशिप कुश्ती के श्रेष्ठ खिलाडियों को आगे बढ़ाने एवं उन्हें अपने खेल पर पूरा ध्यान खेल पर केंद्रित अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से दी जा रही है। उन्होंने जिला कलक्टर को निर्देशित किया कि स्टेडियम के विकास की एक विस्तृत तैयार करें, ताकि भविष्य की आवश्यकताओं के मद्देनजर स्टेडियम का विकास कराया जा सके। उन्होंने सूर्य नगर में अलवर दर्शन पार्क के शुभारम्भ के दौरान स्थानीय निवासियों द्वारा पेयजल टंकी की मांग करने पर उन्होंने पेयजल टंकी बनवाने का आश्वासन दिया। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव को अलवर विधानसभा क्षेत्र में 2 साल के दौरान कराए गए विकास कार्यों पर आधारित पुस्तिका भेंट की, जिस पर यादव ने कहा कि इस प्रकार सभी विधायकों को अपने विकास कार्यों की पुस्तिका प्रकाशित कर आमजन को उपलब्ध करानी चाहिए। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में एवं अलवर सांसद एवं केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में अलवर तेजी से विकास के पथ पर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वन मंत्री की प्रेरणा से ही पार्क लाइब्रेरी जैसे अनेक नवाचार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद बनने पर यादव ने अलवर की चार विषयों पर कार्य प्रारम्भ किया, जिसके तहत अलवर में पेयजल समस्या के निजात, युवाओं को आधुनिक शिक्षा हेतु ई-लाइब्रेरी, खिलाडियों को आगे बढ़ाने के लिए अलवर सांसद खेल उत्सव तथा स्वच्छता के क्षेत्र में अलवर को एक मॉडल के रूप में विकसित करने के कार्य स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन से अलवर शहर में नाले, नालियां, सीवरेज आदि के लिए 50 करोड़ रूपये स्वीकृत कराए गए हैं। कृषि उपज मंडी में बड़ा शेड स्वीकृत कराया गया है ।

## 4 रेलसेवाओं का मार्ग के कुछ स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा 4 रेलसेवाओं का मार्ग के कुछ स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 14620, फिरोजपुर कैंट-अगरतला एक्सप्रेस रेलसेवा का 4 मई से अगरतला स्टेशन पर एवं गाडी संख्या 14619, अगरतला-फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस रेलसेवा का 7 मई से मार्ग के अगरतला, आमबासा, धर्मनगर, पाथारकांदी, न्यू करीमगंज, बदरपुर, न्यू हाफलंग, लामडिंग, होजाई, जागीरोड एवं गोवाहाटी स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाडी संख्या 15910, लालगढ-डिब्रुगढ अवध असम एक्सप्रेस रेलसेवा का 30 अप्रैल से डिबुगढ स्टेशन पर एवं गाडी संख्या 15909, डिब्रुगढ- लालगढ अवध असम एक्सप्रेस रेलसेवा का 5 मई से मार्ग के डिब्रुगढ, न्यू तिनसुखिया, नाहरकटिया, भोजो, लाकवा, षिमलगुडी एवं मरियानी स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाडी संख्या 19615, उदयपुर सिटी-कामाख्या एक्सप्रेस रेलसेवा का 4 मई से कामाख्या स्टेशन पर एवं गाडी संख्या 19616, कामाख्या-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस रेलसेवा का 7 मई से मार्ग के दलगांव अलीपुरद्वार, कोकराझार, न्यू बंगाईगांव, गोवालपाडा टाउन एवं कामाख्या स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाडी संख्या 19601, उदयपुर सिटी-न्यू जलपाईगुडी एक्सप्रेस रेलसेवा का 2 मई से न्यू जलपाईगुडी स्टेशन पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है।

## स्कूल बस और पिकअप में भीषण भिड़ंत, 13 बच्चे घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में जोधपुर में शिकारगढ़ क्षेत्र में वेलकम होटल के पास पिकअप और स्कूल बस के बीच आपस में भिड़ंत होने की वजह से स्कूल बस में सवार 13 बच्चे घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जोधपुर के जिला सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है बस में करीब 20 बच्चे सवार थे और यह बस सरस्वती विद्या आश्रम हाई सेकेंडरी स्कूल की थी सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बस में सवार घायल बच्चों को तुरंत अस्पताल में भिजवाने की व्यवस्था की इस बस हादसे की खबर सुनकर बच्चों के परिजनों में घबराहट छा गई और परिजन घबराते हुए अस्पताल में पहुंचे और अपने-अपने बच्चों की सलामती के बारे में चिकित्सकों से पूछताछ करते नजर आए पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों गाड़ियों को बरामद कर लिया है और घटना स्थल से आवश्यक तथ्य तथा सबूत एकत्रित करके मामले की जांच शुरू कर दी है

## भाजपा विधायक जयदीप बिहानी और आरयूआईडीपी के बीच झड़प की खबरें, विधायक ने हमला करने का लगाया आरोप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में श्रीगंगानगर के भारतीय जनता पार्टी के विधायक जयदीप बिहानी और आर यू आई डी पी के अधिकारियों के बीच आपस में लड़ाई होने की जानकारी मिली है इस मामले में पुलिस का भी एक्शन देखने को मिला है जयदीप बिहानी ने जिन अधिकारियों पर हमला करने का आरोप लगाया है पुलिस ने उन्हें विरासत में भी ले हमला करने का आरोप लगाया है पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल कर रही है लेकिन इस घटना के बाद भाजपा विधायक फिर से चर्चा का विषय बन गए हैं क्योंकि इससे पहले भी कई बार भाजपा विधायक ज्योति चर्चा का विषय बन गए हैं क्योंकि इससे पहले भी कई बार भाजपा विधायक जयदीप और प्रशासन से जुड़े अधिकारियों के बीच आपस में जोरदार टकराव होने की खबरें श्रीगंगानगर जिले की राजनीति में चर्चा का विषय बनी रहती है पूर्व में भाजपा विधायक जयदीप और जिला कलेक्टर के बीच भी आपस में जोरदार मतभेद होने की खबरें कई दिनों तक चर्चा का विषय बनी रही और अब जिस तरह से बुधवार को भाजपा विधायक जयदीप बिहानी का का एक महत्वपूर्ण बैठक में आर यू आईडीपी के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा अन्य अधिकारियों से विवाद हुआ और वाद विवाद के बाद माहौल काफी गर्म हो गया जिसके बाद भाजपा विधायक ने बैठक में मौजूद आरयूआईडीपी के अधिकारियों पर हमले का आरोप लगाया उनकी आंख के नीचे चोट आने की बात भी कहीं जा रही है इसके बाद पुलिस भी एक्शन में आ गई और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भाजपा विधायक के गंभीर आरोपों पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अधिकारियों को राउंडअप भी किया है ।

## एएसपी के सामने ही पोक्सो के आरोपी ने खुद का गला काटा, पुलिस ने अस्पताल में करवाया भर्ती

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बाड़मेर में महिला अनुसंधान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के सामने ही पोक्सो के आरोपी ने टेबल पर रखे हुए पेपर कट के चाकू से खुद का गला काट कर आत्महत्या करने का प्रयास किया अचानक हुई इस घटना से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भी काफी हैरान हो गए और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों में भी खलबली मच गई बाद में पुलिस ने आरोपी नरेश को लघु लुहान अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला थाने में दर्ज एक मामले में आरोपी नरेश को अरेस्ट किया गया था इस मामले की जांच महिला अनुसंधान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभु राम की ओर से की जा रही है बुधवार को नरेश को फिंगरप्रिंट के सिलसिले में कागजी कार्रवाई के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में लाया गया जहां अतिरिक्त अधीक्षक के टेबल पर रख पेपर कट के चाकू से नरेश ने अचानक अपना गला काट कर आत्महत्या करने का प्रयास किया नरेश के अचानक खुद ही अपने गले पर हमला करने से मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी भी हक्का-बक्का रह गए पुलिस ने तुरंत नरेश को लघु लोहान अवस्था पुलिस ने तुरंत नरेश को लहूलुहान अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है अब नरेश को वापस फिंगरप्रिंट कार्रवाई के लिए लाया जा रहा है ।

## यात्रियों की सुविधा हेतु मदार-मडगांव एक तरफा स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु मदार-मडगांव एक तरफा स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09607, मदार- मडगांव एक तरफा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 3.5.26, रविवार को मदार से 19.55 बजे रवाना मंगलवार को 4.40 बजे मडगांव पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में अजमेर, बिजयनगर,भीलवाडा, चित्तौडगढ, नीमच, मंदसौर, रतलाम, वडोदरा, भरूच, सूरत, वापी, वसई रोड, पनवेल, रोहा, मानगांव, खेड, चिपलुन, संगमेश्वर, रत्नागिरी, राजापुर रोड, वैभववाडी रोड, कणकवली, कुडाल, सावंतवाडी रोड, थिविम व करमली स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

# उत्तर पश्चिम रेलवे का बेस्ट प्रबंधनः चूरू-रतनगढ़ और चूरू-सादुलपुर रेलमार्ग के दोहरीकरण कार्य को किया पूरा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** रेल यात्रियों की संख्या तथा व्यस्त मार्गो को ध्यान में रखते हुए रेलवे पर महत्वपूर्ण मार्गो के दोहरीकरण का कार्य किया जा रहा है जिससे अधिक रेलसेवाओं का संचालन किया जा सके ताकि यात्रियों को बेहतर रेल सुविधा प्राप्त हो, अधिक ट्रेनों का संचालन सुनिश्चित हो एवं समय की बचत हो। राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और विलक्षण स्थापत्य के साथ धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण चूरू-सादुलपुर (58 किलोमीटर) रेलमार्ग के मध्य दोहरीकरण कार्य पूरा किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे के निर्देशानुसार दूधवाखारा-सादुलपुर (30 किलोमीटर) रेलमार्ग के दोहरीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा विगत28 अप्रैल को इस रेलखड़ को रेल संचालन के लिए अनुमोदित किया गया है। इस दोहरीकरण कार्य के साथ ऑटोमैटिक सिग्नलिंग और विद्युतीकरण कार्य भी सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए है। इसके साथ ही 58 किलोमीटर लंबे चूरू-सादुलपुर खंड का संपूर्ण दोहरीकरण कार्य, ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग और विद्युतीकरण कार्य सहित, मात्र 2 वर्ष 3 महीने में पूरा कर लिया गया है। इस मार्ग के दोहरीकरण से लाइन केपसिटी और मोबिलिटी में वृद्दि होगी एवं परिचालन और अधिक सुगम होगा। इस दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत पांच स्टेशनों पर हाई लेवल प्लेटफॉर्म तथा 3 सब-वे का भी निर्माण किया गया है। इस रेलमार्ग पर ट्रैक को 130 किमी प्रति घंटे की गति क्षमता के अनुसार तैयार किया गया है। चूरू-सादुलपुर (58 किलोमीटर) रेलमार्ग के दोहरीकरण का कार्य 2023-24 में 469 करोड़ रूपए की लागत के साथ स्वीकृत किया गया था जिसे लगभग 2 वर्ष के रिकार्ड समय में पूरा किया गया है। उल्लेखनीय है कि चूरू-रतनगढ़ (43 किलोमीटर) रेलमार्ग के दोहरीकरण कार्य को भी 2 वर्ष में ही पूरा किया गया था। इस प्रकार उत्तर पश्चिम रेलवे के 2 महत्वूपर्ण रेलमार्गों के दोहरीकरण का कार्य लगातार 2 वर्षों में पूरा किया गया है। रतनगढ़ से चूरू होकर सादुलपुर तक रेलमार्ग के दोहरीकृत होने के बाद यह रेलमार्ग, राजस्थान, हरियाणा व अन्य उत्तर भारतीय राज्यों के साथ तीव्र रेल संचालन वाला महत्वपूर्ण रेल मार्ग बन जाएगा। दोहरीकरण के कार्य से इस क्षेत्र में व्यापारिक व सामाजिक सम्बन्ध प्रगाढ़ होगे द्य चूरू, रतनगढ़ क्षेत्र का सीकर, बीकानेर, रेवाडी, हिसार व अन्य राज्यों के साथ तीव्र व सुगम सम्पर्क का विस्तार होगा। क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा और रोज़गार के नये अवसर उत्पन्न होंगे। रोजगार व अन्य कार्यों के लिये प्रतिदिन आवागमन करने करने वालों के लिये तीव्र व सुगम रेल सुविधा उपलब्ध होगी। आसपास स्थापित विद्यालयों, विश्वविद्यालयों और कोचिंग सेंटरों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को बेहतर रेल सुविधा मिलेगी। जानकारी के अनुसार बीकानेर संभाग में होने वाले जिप्सम,लाइम स्टोन तथा फुड ग्रेन और फर्टिलाइजर के लदान हेतु सुगम रेल परिवहन उपलब्ध होगा। धार्मिक स्थल सालासर बालाजी, खाटूश्यामजी आने वाले श्रद्धालुओ की आसान यात्रा के लिये रेल नेटवर्क का विस्तार मिलेगा। क्षेत्र में सामाजिक व व्यापारिक सम्बंधों को मजबूती प्राप्त होगी।भारतीय सेना में कार्य कर रहे सैनिकों सहित सभी नागरिकों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। रेलवे द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ कर यात्रियों को अधिकाधिक सुविधाएं प्रदान करने तथा क्षेत्र में विकास के लिए निरंतर लक्ष्यानुसार कार्य किए जा रहे हैं।

## महिलाओं के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ अध्यक्ष का व्यवहार शर्मनाकः टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि राजस्थान में आज न तो शासन का इकबाल बचा है और न ही नैतिकता। एक तरफ मुख्यमंत्री अपनी लाचारी सार्वजनिक कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उनके प्रदेश अध्यक्ष सत्ता के नशे में प्रदेश की मातृशक्ति को अपमानित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार जनता का विश्वास खोकर केवल दिल्ली दरबार की चाकरी तक सीमित रह गई है। जूली ने कहा कि प्रदेश में आमजन के त्रस्त होने के बाद अब खुद भाजपा के कार्यकर्ता खुद दबी जुबान में कह रहे हैं कि हमारा काम नहीं हो रहा। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि स्वयं मुख्यमंत्री ने इस स्थिति को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है जो इस बात का सीधा प्रमाण है कि सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। जूली ने कहा कि कांग्रेस तो तो पिछले दो वर्षों से लगातार यही कह रही है कि धरातल पर काम ठप पड़े हैं लेकिन आपने अब जाकर इसे माना है। सच तो यह है कि प्रदेश में काम जरूर हो रहे हैं लेकिन वे केवल आपके चुनिंदा करीबियों और दिल्ली दरबार के इशारों पर चलने वालों के हो रहे हैं। आपने आम कार्यकर्ता और प्रदेश की जनता को हाशिए पर धकेल दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने चुनावों को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसी डर और असफलता को छुपाने के लिए भाजपा सरकार प्रदेश में नगर निकाय और पंचायती राज चुनाव करवाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। लोकतंत्र का इससे बड़ा अपमान क्या होगा कि सरकार जनता के बीच जाने से कतरा रही है। जब आपके अपने कार्यकर्ता ही सरकार के कामकाज से असंतुष्ट हैं और विकास के पहिये थमे हुए हैं, तो आपकी हार दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ नजर आ रही है। हार के इसी डर ने सरकार को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को बंधक बनाने पर मजबूर कर दिया है। राठौड़ द्वारा महिलाओं के साथ किए गए व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए जूली ने कहा कि यह कृत्य न केवल निंदनीय है बल्कि अत्यंत अपमानजनक और अस्वीकार्य है। भाजपा हमेशा नारी सम्मान का ढोंग करती है लेकिन हकीकत यह है कि इनकी सोच महिलाओं के प्रति संकीर्ण और संवेदनहीन है। एक सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा महिलाओं का अपमान करना और कार्यक्रम बीच में छोड़कर चले जाना भाजपा के दोहरे चरित्र को उजागर करता है। जिस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के मन में महिलाओं के प्रति सम्मान और गरिमा की कोई कद्र न हो उसे महिला सम्मान की बातें करना शोभा नहीं देता।

## बैंक के करोड़ों रुपए लेकर जा रही गाड़ी में लगी भीषण आग, गाड़ी में सवार पांच लोगों ने कूद कर बचाई जान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर कोटा राजमार्ग पर टोंक जिले में झिलाई पुलिया के पास एचडीएफसी बैंक के करोड़ों रुपए लेकर जा रही गाड़ी में अचानक आग लग गई आग लगने के बाद गाड़ी में सवार तीन गार्ड , एक बैंक अधिकारी और चालक ने गाड़ी से नीचे कूद गए इस दौरान मौके से गुजर रही हाईवे पेट्रोलियम टीम के कर्मचारियों ने गाड़ी में रखे नोटों से भरे बॉक्स को बाहर निकाला और मौके पर दमकल की गाड़ी को बुलाकर आग को बुझाया गया लेकिन तब तक आग से गाड़ी जलकर क्षतिग्रस्त होगई थी नोटों से भरी गाड़ी में आग लगने की सूचना मिलने के बाद पुलिस जिला प्रशासन और एचडीएफसी बैंक प्रशासन से जुड़े अधिकारी भी मौके पर पहुंचे मौके पर पुलिस ने घटना स्थल से आवश्यक तथ्य बताए हैं और मामले की जांच भी शुरू कर दी है यह तो गनीमत रही की गाड़ी में के अगले हिस्से में आग लगी इसलिए जैसे ही गाड़ी में आग लगी चालक ने स्थिति को देखते हुए गाड़ी में सवार तीन गार्ड और बैंक अधिकारी को गाड़ी से नीचे कूदने की बात कही और खुद भी गाड़ी की रफ्तार को धीरे करके और गाड़ी को रोड के किनारे खड़ी करके तुरंत गाड़ी से नीचे उतर गया जिसकी वजह से गाड़ी में सवार सभी व्यक्ति सुरक्षित बच गए हैं और गाड़ी में रखे हुए नोटों से भरे बॉक्स भी सुरक्षित बचे क्योंकि हाईवे पेट्रोलिंग टीम के कर्मचारी भी लगातार गस्त दे रहे थे जैसे ही उन्होंने जलती हुई गाड़ी को देखा तो उन्होंने तुरंत दमकल विभाग को भी सूचित किया और गाड़ी के पिछले हिस्से में रखें नोटों से भरे बॉक्स सुरक्षित बाहर निकाल लिए जिसकी वजह से करोड़ों रुपए के नोट जलने से बच गए कहा जा रहा है कि करीब 5 करोड रुपए लेकर यह गाड़ी जा रही थी ऐसा माना जा रहा है कि भीषण गर्मी की वजह से आजकल सड़क पर चल रहे वाहनों में आग लगा आम बात हो गई है क्योंकि इंजन बहुत जल्दी ही गर्म हो जाता है जिसकी वजह से वायरिंग में शॉर्ट सर्किट होते ही आग लग जाती है संदेह है कि गाड़ी में आग वायरिंग में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से ही लगी है ।

## बैक डेट की फर्जी मार्कशीट लगाकर लेक्चरर की नौकरी अपने वाले को पुलिस ने किया अरेस्ट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप इकाई ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए बैक डेट की फर्जी मार्कशीट प्रस्तुत करके स्कूल लेक्चरर की नौकरी हासिल करने वाले जालसाज व्यक्ति को अरेस्ट किया है पुलिस ने आरोपी को गुरुवार को कोर्ट में भी प्रस्तुत किया है और कोर्ट में प्रस्तुत करके पुलिस डिमांड के लिए 5 दिन का समय मांगा था जिस पर कोर्ट ने आरोपी को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है पुलिस अब गिरफ्तार अभियुक्त से इस मामले में पूछताछ करके कई बड़े सवालों के जवाब हासिल करने का प्रयास करेगी पुलिस इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्त की पूछताछ पर कुछ और लोगों की भी गिरफ्तारी कर सकती है क्योंकि इस मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों को संदेह है कि इस फर्जी मार्कशीट बनाने के रैकेट में कई लोग शामिल हो सकते हैं इस तरह से फर्जी मार्कशीट लगाकर पहले भी कई नौकरियां शायद हासिल की जा चुकी है इसलिए पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है और गिरफ्तार अभियुक्त को बैठे की फर्जी मार्कशीट जांच पड़ताल कर रही है और गिरफ्तार अभियुक्त को बैक डेट की फर्जी मार्कशीट बनाने में जिन-जिन लोगों ने सहयोग किया उनकी भी पुलिस गिरफ्तारी कर सकती है ।

## कार में दम घुटने से 3 साल के बच्चे की मौत, खेलते खेलते पिता की कार में बैठ गया और फिर लॉक अंदर से हो गया बंद

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के जोधपुर के बिलाड़ा में जिस घर में जिस बच्चे के मुंडन की तैयारी और जश्न का माहौल चल रहा था वही 3 साल का बच्चा अपने घर के बाहर अपने पिता की कार में खेलते खेलते बैठ गया बालक के कार में बैठते ही गाड़ी का दरवाजा अंदर से लॉक हो गया इसकी वजह से करीब डेढ़ घंटे तक बालक गाड़ी में ही बंद रहा जिससे दम घुटने से उसकी मौत हो गई हालांकि काफी देर बाद जब बच्चा घर में नजर नहीं आया तो परिजनों ने आसपास के इलाके में बच्चों की तलाश की बच्चा काफी देर बाद जब बच्चा घर में नजर नहीं आया तो परिजनों ने आसपास के इलाके में बालक की तलाश की लेकिन बच्चा जब कहीं भी नहीं मिला तो फिर घर के बाहर ही खड़ी कार की तलाशी ली गई तो बालक कार में ही बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ मिला जिसे तुरंत अस्पताल भी लेकर गए लेकिन चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया इसलिए जिस घर में खुशियां मनाई जा रही थी वहां अचानक मातम छा गया और पिता की कार ही अपने बेटे के लिए काल बन गई जानकारी के अनुसार बिलाड़ा निवासी विष्णु के 3 साल के बेटे के हितार्थ के मुंडन समारोह के लिए घर में तैयारी चल रही थी और घर के बाहर ही विष्णु की कार खड़ी थी हितार्थ खेलते खेलते अपने पिता की गाड़ी के अंदर चला गया रिचार्ज के गाड़ी के अंदर गाड़ी के अंदर चला गया वह जैसे ही गाड़ी के अंदर पहुंच गाड़ी का दरवाजा अंदर से लॉक हो गया जिसकी वजह से हितार्थ गाड़ी में ही काफी देर तक बंद रहा क्योंकि घर में जश्न का माहौल चल रहा था सब लोग बिजी थे लेकिन बाद में जब हितार्थ घर में नजर नहीं आया तो फिर घर वालों ने आसपास के इलाके में उसके बारे में पूछताछ की लेकिन वह कहीं भी नहीं मिला इसके बाद परिजनों ने गाड़ी की तलाशी ली तो गाड़ी में हितार्थ बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ मिला उसे तुरंत अस्पताल भी लेकर गए लेकिन दम घुटने से डॉक्टर ने उसे मतृ घोषित कर दिया ।

## बी. एल. मीणा ने संभाला उत्तर पश्चिम रेलवे में प्रधान वित्त सलाहकार का कार्यभार

जयपुर उत्तर पश्चिम रेलवे में प्रधान वित्त सलाहकार के पद पर बी. एल. मीणा ने कार्यभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान बी. एल. मीणा ने उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक से शिष्टाचार भेंट की तथा संगठनात्मक एवं प्रशासनिक विषयों पर चर्चा की। बी. एल. मीणा भारतीय रेलवे लेखा सेवा के वर्ष 1994 बैच के वरिष्ठ अधिकारी हैं। उन्हें रेलवे वित्त, प्रशासन एवं प्रबंधन का व्यापक अनुभव प्राप्त है। अपने उत्कृष्ट सेवाकाल में उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। हाल ही में वे मॉडर्न कोच फैक्ट्री, रायबरेली में प्रधान वित्त सलाहकार के पद पर कार्यरत थे। इससे पूर्व वे उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर में वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने मॉडर्न कोच फैक्ट्री, रायबरेली में वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर में उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी, पश्चिम रेलवे अहमदाबाद में उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी, रतलाम एवं राजकोट मंडल में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक तथा पश्चिम रेलवे मुंबई में विभिन्न वित्तीय दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है।

## तिरूवनंतपुरम सेंट्रल-मदार-तिरूवनंतपुरम सेंट्रल साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संगमेश्वर रोड स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु तिरूवनंतपुरम सेंट्रल-मदार-तिरूवनंतपुरम सेंट्रल साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संगमेश्वर रोड स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 06013, तिरूवनंतपुरम सेंट्रल-मदार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा जो दिनांक 6.5.26 से 3.6.26 तक (5 ट्रिप) प्रत्येक बुधवार को तिरूवनंतपुरम सेंट्रल से प्रस्थान करेगी वह संगमेश्वर रोड स्टेशन पर 8.16 बजे आगमन एवं 8.18 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 06014, मदार-तिरूवनंतपुरम सेंट्रल साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा जो दिनांक 2.5.26 से 6.6.26 तक (6ट्रिप) प्रत्येक शनिवार को मदार से प्रस्थान करेगी वह संगमेश्वर रोड स्टेशन पर 23.10 बजे आगमन एवं 23.12 बजे प्रस्थान करेगी।

**युवा कांग्रेस के चुनाव :**

# मेंबरशिप की फीस की रकम से 8 करोड़ से ज्यादा पैसे युवा कांग्रेस के अकाउंट में जमा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान में युवक कांग्रेस के चुनाव की गतिविधियां चरम सीमा पर पहुंच गई हैं युवक कांग्रेस के चुनाव में मेंबरशिप की फीस जमा करने वाले नेता ही वोट डाल सकते हैं इसलिए पिछले सात आठ दिनों में बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मेंबरशिप की फीस की रकम जमा कराई है जिसकी वजह से युवा कांग्रेस के अकाउंट में करोड़ों रुपए जमा हो गए हैं बताया जा रहा है कि पिछले 8 दिन में ही 8 करोड़ से ज्यादा रुपए राजस्थान युवक कांग्रेस के अकाउंट में जमा हो गए हैं अभी यह करीब आगामी 20 मई तक संपादित होगी इसलिए आने वाले दिनों में भारी रकम मेंबरशिप की फीस की बेटर युवा कांग्रेस के अकाउंट में जमा हो सकती है जानकारी के अनुसार राजस्थान युवा कांग्रेस में करीब 9 लाख 32 हजार सदस्य हैं जिनमें 541000 सदस्यों ने मेंबरशिप की रकम जमा करवा दी है आने वाले दिनों में और भी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मेंबरशिप की रकम जमा करवा सकते हैं इसलिए युवक कांग्रेस के संगठन के लिए चुनाव युवक कांग्रेस की इनकम को बढ़ाने में काफी सहायक साबित हुए हैं जानकारी के अनुसार पिछले 1 साल में युवक कांग्रेस की ओर से सिर्फ 20 करोड रुपए ही जमा किए गए थे लेकिन पिछले 8 दिन में ही युवा कांग्रेस के चुनाव के मध्य नजर मेंबरशिप की फीस के रूप में जिस तरह से 8 करोड रुपए से ज्यादा बैंक अकाउंट में जमा हुए हैं उसे राजस्थान कांग्रेस के बड़े लीडर भी काफी प्रभावित और खुश दिख रहे हैं राजस्थान कांग्रेस के बड़े नेताओं का कहना है कि इस बार राजस्थान युवा कांग्रेस के चुनाव को लेकर प्रदेश प्रभावित और खुश दिख रहे हैं राजस्थान कांग्रेस के बड़े नेताओं का कहना है कि इस बार राजस्थान युवा कांग्रेस के चुनाव को लेकर प्रदेश भर में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह छाया हुआ है जो कहीं ना कहीं यह दिखा रहा है कि कांग्रेस पार्टी के युवा नेता कांग्रेस पार्टी को लेकर काफी उत्साहित हैं जो निश्चित रूप से आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है जानकारी के अनुसार युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर करीब 30 नेता चुनाव लड़ रहे हैं इसके अलावा युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जिला अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष लोकसभा अध्यक्ष और अन्य पदों को लेकर भी चुनाव होंगे इसलिए पूरे प्रदेश में युवक कांग्रेस कि इस चुनावी प्रक्रिया को लेकर जश्न का माहौल बना हुआ है युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ चुके अनिल चोपड़ा और राजस्थान विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष अभिषेक चौधरी के अलावा और भी कई बड़े सक्रिय नेता हैं जो सोशल मीडिया के माध्यम से भी इस समय जोरदार अपना प्रचार प्रचार कर रहे हैं इसलिए इस बार युवा कांग्रेस का चुनाव काफी कांटे का और रोचक होने जा रहा है कहा जा रहा है कि अनिल चोपड़ा को जहां सचिन पायलट का आशीर्वाद मिला हुआ है तो दूसरी तरफ अभिषेक चौधरी को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ,गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली का आशीर्वाद मिला हुआ है कुल मिलाकर युवा कांग्रेस के चुनाव काफी रोचक हो गए हैं और इन चुनाव में युवा कांग्रेस के बैंक अकाउंट में भी धड़ाधड़ मेंबरशिप की रकम से बड़ा पैसा आ रहा है ।

## सम्पादकीय

# रेल पटरी विस्फोट ने बढ़ाई चिंता, क्या लौट रहा है पुराना दौर

पंजाब में पिछले कुछ समय से आतंकी गतिविधियां अप्रत्याशित रूप से बढ़ रही हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। साफ है कि उग्रवाद का दंश झेल चुके इस राज्य में खालिस्तान समर्थक आतंकी तंत्र फिर से सांस लेने लगा है। अलग-अलग समूहों के जरिए सक्रिय आतंकी अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देने के लिए मौके की तलाश में रहते हैं। इनके ठिकानों का पता लगाना और इनकी धर-पकड़ सुरक्षा एजंसियों के लिए बड़ी चुनौती है। पटियाला में शंभू इलाके के पास सोमवार देर रात एक मालगाड़ी के गलियारे की पटरी पर विस्फोट की घटना से स्पष्ट है कि राज्य में आतंक का खतरा बढ़ रहा है। हालांकि, पुलिस ने इस आतंकी समूह से जुड़े चार संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अगर समय रहते स्थिति को नहीं संभाला गया, तो राज्य में हालात फिर से बिगड़ सकते हैं। सुरक्षा एजंसियों का दावा है कि पंजाब में सीमा पार से आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, लेकिन सवाल है कि आतंकी तंत्र को कैसे खत्म किया जाए। गौरतलब है कि पटियाला में शंभू इलाके के पास आतंकियों ने रेल की पटरी को निशाना बनाकर विस्फोट किया था। घटनास्थल से एक संदिग्ध व्यक्ति का शव भी बरामद किया गया और पुलिस का दावा है कि वह उसी आतंकी गिरोह का सदस्य था, जिसने इस वारदात की साजिश रची थी। पटरी पर विस्फोटक लगाने के दौरान हुए धमाके में उसकी मौत हो गई। पिछले तीन माह में मालगाड़ी के गलियारे को निशाना बनाकर किया गया यह दूसरा हमला था। इससे पहले फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद में 23 जनवरी को विस्फोट हुआ था, जिसमें एक ट्रेन का इंजन क्षतिग्रस्त हो गया था और एक रेलवे अधिकारी को चोटें आईं थी। पंजाब में आतंकी तंत्र के फैलते दायरे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता कि पिछले वर्ष जुलाई में सुरक्षा एजंसियों ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था। इसके करीब तीन माह बाद ग्रेनेड हमले की साजिश रच रहे दस संदिग्धों की धर-पकड़ की गई थी। हाल में मोहाली की एक अदालत और कुछ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां दी गई थीं।

## श्री चारभुजा नाथ मंदिर में नृसिंह अवतार लीला का भव्य मंचन

जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** नृसिंह चतुर्दशी के अवसर पर कस्बे के चौधरी मौहल्ला स्थित श्री चारभुजा नाथ जी मंदिर में भव्य नृसिंह लीला का मंचन किया गया। पुजारी गोपाल -गोविन्द- धन्नालाल व्यास ने बताया कि भगवान नृसिंह का किरदार पुजारी दामोदर व्यास ने निभाया। नृसिंह लीला मंचन से पूर्व स्थानीय पंडितों ने मंत्रोच्चारण के साथ भगवान नृसिंह के मुखौटे की पूजा अर्चना की। संध्या काल के दौरान मंदिर के दरवाजे पर लगे खंब रूपी कागज को फाड़कर भगवान नृसिंह का प्राकट्योत्सव हुआ। भगवान नृसिंह ने अपने अनन्य भक्त प्रह्लाद को गोद में उठाकर दुलार किया। आरती के पश्चात भगवान नृसिंह पुनः मंदिर में पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालु भज राधे गोविंदा-प्रह्लाद उभारें गोविंदा नाम का जाप करते नजर आए। नृसिंह लीला मंचन देखने के लिए पधारे हुए श्रद्धालुओं को रामगोपाल-कपिल सोनी की तरफ से शीतल मिल्करोज पिलाया गया।

## गौ माता को 'राष्ट्रीय माता 'घोषित करने की मांग, एडीएम को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** विप्र सेना संगठन की ओर से जयपुर में जिला कलेक्टर के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में गौ माता को 'राष्ट्रीय माता' घोषित करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। ज्ञापन में संगठन ने देशभर में गौ वध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की अपील की है। साथ ही गौ तस्करी में लिप्त लोगों के खिलाफ आजीवन कारावास जैसी कठोर सजा का प्रावधान करने की मांग की गई है। विप्र सेना ने यह भी सुझाव दिया कि मवेशियों की तस्करी में उपयोग किए जाने वाले वाहनों को स्थायी रूप से जब्त कर उनकी नीलामी की जाए, ताकि इस अवैध गतिविधि पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। इसके अतिरिक्त, संगठन ने पशु मेलों के नाम पर होने वाली अवैध तस्करी को रोकने के लिए केंद्र सरकार से सख्त कानून बनाने की मांग भी रखी। विप्र सेना जयपुर शहर अध्यक्ष अजीत कुमार शर्मा के नेतृत्व में सौंपा गया। इस दौरान कलेक्ट्री बार एसोसिएशन अध्यक्ष संदीप शर्मा, विप्र सेना विद्याधर नगर अध्यक्ष रविकांत गौड़, अधिवक्ता विनोद दीक्षित व अधिवक्ता सुभाष शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। विप्र सेना ने आशा व्यक्त की है कि केंद्र सरकार इस विषय की गंभीरता को समझते हुए शीघ्र उचित निर्णय लेगी।

## श्रम संस्कृति के सम्मान से ही राष्ट्र निर्माणः राज्यपाल हरिभाऊ बागडे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** हरिभाऊ बागडे ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस (1 मई) के अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेष रूप से श्रमिकों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल बागडे ने अपने संदेश में कहा कि श्रमिक राष्ट्र की अनमोल धरोहर हैं और उनके अथक परिश्रम से ही देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने श्रम संस्कृति के सम्मान को राष्ट्र के नव निर्माण का आधार बताते हुए सभी से श्रमिकों के विकास और कल्याण की सोच के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने श्रमिक दिवस के अवसर पर सभी श्रमिकों के सुखी, समृद्ध और सम्मानजनक जीवन की कामना भी की।

## बिचून रीको औद्योगिक क्षेत्र फिर शुरू कराने की मांगः ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** ग्राम बिचून और आसपास के क्षेत्र के नागरिकों ने रीको औद्योगिक क्षेत्र बिचून के रुके हुए कार्यों को दोबारा शुरू कराने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर जयपुर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के विकास और रोजगार के लिए बेहद अहम बताते हुए जल्द समाधान की अपील की। ज्ञापन में बताया गया कि प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र के शुरू होने से हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और इलाके में सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा। स्थानीय लोगों ने इस परियोजना के प्रति अपना समर्थन जताते हुए कहा कि यह क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ समय से धार्मिक स्थल से जुड़े विवाद के कारण औद्योगिक क्षेत्र के विकास कार्य ठप पड़े हैं। इससे न केवल विकास की गति रुक गई है, बल्कि क्षेत्र के लोगों को संभावित रोजगार और सुविधाओं से भी वंचित होना पड़ रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की कि आस्था और विकास के बीच संतुलन स्थापित करते हुए सभी संबंधित पक्षों से वार्ता कर विवाद का समाधान निकाला जाए। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया कि आपसी सहमति और समझदारी के आधार पर ही इस महत्वपूर्ण परियोजना को आगे बढ़ाया जाए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर रीको औद्योगिक क्षेत्र बिचून के कार्यों को पुनः प्रारंभ कराने की मांग की, ताकि क्षेत्र के लोगों को रोजगार के साथ-साथ बेहतर सुविधाओं का लाभ मिल सके।

# 'कॉफी विद कुलगुरु' आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बांसवाड़ा (राजस्थान) के कुलगुरु प्रो.केशव सिंह ठाकुर की सशक्त पहल

*कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर की यह पहल आदिवासी विद्यार्थियों के लिए अवसरों के नवीन द्वार खोल रही है और उन्हें उच्च शिक्षा के साथ आत्मविश्वास पूर्वक जोड़ रही है। निश्चित रूप से यह कार्यक्रम आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में सम्पूर्ण प्रदेश में सकारात्मक बदलाव की प्रेरक मिसाल बनेगा यह अभिनव पहल न केवल विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय प्रशासन से सीधे जोड़ रही है, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास, मार्गदर्शन और नई संभावनाओं का संचार भी कर रही है। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों, विशेषकर आदिवासी वर्ग के छात्रों के लिए एक नई प्रेरणा और मार्गदर्शन का द्वार खोला है। इस अनौपचारिक संवाद कार्यक्रम के माध्यम से कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर ने सीधे विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, चुनौतियों और आकांक्षाओं को समझा। इस कार्यक्रम ने संवाद, सहभागिता और नवाचार की एक नई मिसाल कायम की है। यह पहल विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रशासन के बीच सीधे संवाद का एक प्रभावी मंच के रूप में विकसित हुई है। गौतरलब हैं कि राजस्थान के कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागड़े जी एवं प्रदेश में जनजातीय शिक्षा के उन्नयन हेतु राज्य सरकार की संकल्पना को साकार करते हुए गोविन्द गुरु विवि कुलगुरु प्रो केशव सिंह ठाकुर के सफल निर्देशन में*



**विक्रम राठौड़, लेखक गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय,बांसवाड़ा (राजस्थान) के जनसंपर्क सलाहकार हैं**

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में समावेशिता और संवाद की संस्कृति को बढ़ावा देने के दिशा में कुलगुरु प्रो.केशव सिंह ठाकुर का नवाचार

आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए तैयार करने का 'कॉफी विद कुलगुरु' उत्कृष्ट उदाहरण

राजस्थान के बांसवाड़ा स्थित गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर द्वारा आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का नवाचार 'कॉफ़ी विद कुलगुरु' कार्यक्रम राजस्थान राज्य एक प्रेरणादायक पहल के रूप में उभरकर सामने आया। आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों में आत्मविश्वास को बढ़ाने के उदेश्य से आयोजित इस नवाचार ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब संवाद के दरवाज़े खुलते हैं, तो विकास और नवाचार की राह स्वतः प्रशस्त होती है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में समावेशिता और संवाद की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित 'कॉफी विद कुलगुरु' कार्यक्रम आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी मंच बनकर उभरा है। कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर की यह पहल आदिवासी विद्यार्थियों के लिए अवसरों के नवीन द्वार खोल रही है और उन्हें उच्च शिक्षा के साथ आत्मविश्वास पूर्वक जोड़ रही है। निश्चित रूप से यह कार्यक्रम आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में सम्पूर्ण प्रदेश में सकारात्मक बदलाव की प्रेरक मिसाल बनेगा यह अभिनव पहल न केवल विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय प्रशासन से सीधे जोड़ रही है, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास, मार्गदर्शन और नई संभावनाओं का संचार भी कर रही है। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों, विशेषकर आदिवासी वर्ग के छात्रों के लिए एक नई प्रेरणा और मार्गदर्शन का द्वार खोला है। इस अनौपचारिक संवाद कार्यक्रम के माध्यम से कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर ने सीधे विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, चुनौतियों और आकांक्षाओं को समझा। इस कार्यक्रम ने संवाद, सहभागिता और नवाचार की एक नई मिसाल कायम की है। यह पहल विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रशासन के बीच सीधे संवाद का एक प्रभावी मंच के रूप में विकसित हुई है। गौतरलब हैं कि राजस्थान के कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागड़े जी एवं प्रदेश में जनजातीय शिक्षा के उन्नयन हेतु राज्य सरकार की संकल्पना को साकार करते हुए गोविन्द गुरु विवि कुलगुरु प्रो केशव सिंह ठाकुर के सफल निर्देशन में विशेषकर आदिवासी एवं सर्व वर्ग के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा में समान अवसर प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ नित्य नए आयाम स्थापित कर उच्च शिक्षा की जन कल्याणकारी नीतियों का सफल क्रियान्वयन कर रहा हैं।

विद्यार्थियों के साथ हुए इस प्रत्यक्ष संवाद में कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों के साथ सीधे संवाद स्थापित कर उनकी व्यवहारिक समस्याओं पर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को सीधे सुनना तथा उनके समाधान की दिशा में ठोस पहल करना रहा था । कुलगुरु ने प्रतिभागियों की बातों को गंभीरता से सुना और उन्होंने विद्यार्थियों को अपने विचार खुलकर रखने और विश्वविद्यालय के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए भी प्रेरित किया। कुलगुरु प्रो ठाकुर के नवाचार 'कॉफी विद कुलपति' कार्यक्रम ने पारंपरिक औपचारिक बैठकों से हटकर हितधारको के साथ प्रभावी और परिणामोन्मुख संवाद स्थापित किया। वही विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा करते इस पहल की सराहना करते हुए इसे विश्वविद्यालय प्रशासन की संवेदनशीलता- पारदर्शिता और विश्वविद्यालय -हितधारकों के मध्य सशक्त संबंधों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में आदिवासी विद्यार्थियों ने खुलकर अपने विचार रखे और शिक्षा से जुड़ी बाधाओं पर चर्चा की। कुलगुरु प्रो केशव सिंह ठाकुर ने उन्हें उच्च शिक्षा के महत्व, उपलब्ध अवसरों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय हर संभव सहयोग प्रदान करेगा, ताकि कोई भी विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में पीछे न रह जाए। इस पहल का सकारात्मक प्रभाव यह रहा कि कई आदिवासी छात्र-छात्राएं अब आत्मविश्वास के साथ उच्च शिक्षा की मुख्यधारा में जुड़ने के लिए अधिकाधिक प्रेरित हुए हैं। 'कॉफी विद कुलगुरु' न केवल संवाद का मंच बना, बल्कि यह सामाजिक समावेशन और शैक्षिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। कुलगुरु प्रो केशव सिंह ठाकुर की प्रेरणा से इस प्रकार के संवाद सत्र भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, ताकि विश्वविद्यालय में सहभागिता, विश्वास और नवाचार की संस्कृति को और अधिक मजबूत किया जा सके। इस संवाद सत्र में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, शोध के अवसर, कैरियर मार्गदर्शन और कैंपस सुविधाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर खुलकर बातचीत की गयी। इस संवाद ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और उनके विश्वविद्यालय से जुड़ाव की भावना को और मजबूत किया हैं। एक प्रेरणादायक पहल के रूप में इस संवाद ने विश्वविद्यालय प्रशासन को अधिक संवेदनशील और उत्तरदायी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। विश्वविद्यालय की यह पहल आने वाले समय में और भी व्यापक स्तर पर सफलता की नई कहानियाँ लिखेगी।

**संवाद से सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम**

आदिवासी क्षेत्रों से आने वाले अनेक विद्यार्थी अक्सर संसाधनों, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास की कमी के कारण उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से स्वयं को दूर महसूस करते हैं। ऐसे में 'कॉफी विद कुलगुरु' कार्यक्रम उनके लिए एक खुला संवाद मंच प्रदान कर रहा है, जहाँ वे कुलगुरु से सीधे संवाद कर अपनी समस्या, आकांक्षाएँ और शैक्षिक चुनौतियां साझा कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को कैरियर निर्माण, शोध, नवाचार और व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों पर भी प्रेरक मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है।

**शिक्षा में समान अवसरों का विस्तार**

'कॉफी विद कुलगुरु' कार्यक्रम आदिवासी विद्यार्थियों को यह विश्वास दिलाने में सफल रहा है कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि उनके सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम भी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजनाओं, कौशल विकास, रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों और आधुनिक शिक्षा संसाधनों से अवगत कराया जाता है। इससे आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों में उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है और वे अधिक संख्या में मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

**प्रेरणा, सहभागिता और विश्वास का संगम**

यह कार्यक्रम विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच विश्वास का वातावरण निर्मित कर रहा है। कॉफी के सहज माहौल में आयोजित यह संवाद विद्यार्थियों की झिझक को कम कर रहा है और उन्हें खुलकर अपने विचार रखने का अवसर देता है। यही कारण है कि यह पहल केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक और शैक्षणिक परिवर्तन का माध्यम बनती जा रही है।

**भविष्य की दिशा**

'कॉफी विद कुलगुरु' जैसी पहले भारत के शिक्षा तंत्र में समावेशी विकास का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और समाज में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए तैयार करने में यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 'कॉफी विद कुलगुरु' कार्यक्रम शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

# केजरीवाल का बिखरता कुनबा

*सत्ता के गलियारों में प्रवेश के साथ ही आप में भटकाव और उसके चलते अलगाव शुरू हो गया था। आप आलाकमान ने पार्टी छोड़ गए सांसदों को पंजाब का 'गद्दार' करार दिया, पर यह नहीं बताया कि वे खुद कब और किसके 'वफदार' रहे? राघव, स्वाति और संदीप पाठक को आंदोलनकारी आप का सिपाही मान भी लें तो क्रिकेटर हरभजन सिंह, राजेंद्र गुप्ता, विक्रमजीत साहनी और अशोक मित्तल को राज्यसभा सदस्यता किस निष्ठा के पुरस्कारस्वरूप दी गई? कभी मोहल्ला सभा की राय से पार्षद-विधायक प्रत्याशी चुनने की बात करने वाले केजरीवाल ने संसद के उच्च सदन की सदस्यता बांटने की कुछ तो कसौटी रखी होगी।
कारोबारी अशोक मित्तल वही हैं, जिन्हें केजरीवाल ने राघव को हटाकर राज्यसभा में पार्टी का उप नेता बनाया था, पर दोनों ने ही पांच अन्य के साथ 'झाड़ू' छोड़कर 'कमल' चुन लिया।*

वैकल्पिक राजनीति के सपने दिखाते हुए चमत्कारिक रफ्तार से दिल्ली और पंजाब की सत्ता कांग्रेस से छीनने वाली आम आदमी पार्टी (आप) के दस राज्यसभा सदस्यों में से सात का भाजपा में शामिल होने का फैसला पार्टी के भटकाव का प्रमाण भी है। हालांकि तीन बागियों ने ही कार्यालय जाकर भाजपा का लड्डू खाया, पर राज्यसभा में आप के नेता संजय सिंह द्वारा उनकी सदस्यता समाप्ति के लिए पत्र लिखे जाने के बावजूद सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सातों बागियों के भाजपा में विलय को मंजूरी दे दी। जाहिर है 'विभाजन बनाम दलबदल' की लड़ाई लंबी चलेगी, लेकिन उससे आप के आंतरिक संकट, असंतोष और बगावत पर पर्दा नहीं डाला जा सकता। स्वाति मालीवाल अरसे से आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध मोर्चा खोले हुए थीं तो राघव चड्ढा ने भी राज्यसभा में उपनेता पद से हटाए जाने के बाद खुद को 'घायल' और इसीलिए 'घातक' बताते हुए 'सैलाब' लाने का एलान कर दिया था। इसलिए केजरीवाल के साथ ही उनकी राजनीति को गंभीरता से लेने वालों को भी इस प्रयोग की विफलता का विश्लेषण करना चाहिए। यह भटकाव अचानक नहीं आया।

सत्ता के गलियारों में प्रवेश के साथ ही आप में भटकाव और उसके चलते अलगाव शुरू हो गया था। आप आलाकमान ने पार्टी छोड़ गए सांसदों को पंजाब का 'गद्दार' करार दिया, पर यह नहीं बताया कि वे खुद कब और किसके 'वफदार' रहे? राघव, स्वाति और संदीप पाठक को आंदोलनकारी आप का सिपाही मान भी लें तो क्रिकेटर हरभजन सिंह, राजेंद्र गुप्ता, विक्रमजीत साहनी और अशोक मित्तल को राज्यसभा सदस्यता किस निष्ठा के पुरस्कारस्वरूप दी गई? कभी मोहल्ला सभा की राय से पार्षद-विधायक प्रत्याशी चुनने की बात करने वाले केजरीवाल ने संसद के उच्च सदन की सदस्यता बांटने की कुछ तो कसौटी रखी होगी।



कारोबारी अशोक मित्तल वही हैं, जिन्हें केजरीवाल ने राघव को हटाकर राज्यसभा में पार्टी का उप नेता बनाया था, पर दोनों ने ही पांच अन्य के साथ 'झाड़ू' छोड़कर 'कमल' चुन लिया। इनके अलावा भी जो लोग राज्यसभा भेजे गए, उनकी निष्ठा पर लगातार उठते रहे सवालों से केजरीवाल मुंह चुराते रहे। केजरीवाल को सही आदमी की पहचान नहीं या फिर उनकी कसौटियां दल और विचारधारा के प्रति निष्ठा से इतर कुछ और हैं? खुद को 'ईमानदार' घोषित करते हुए केजरीवाल तमाम परंपरागत दलों और नेताओं के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोपपत्र जारी करते रहे, पर आप में अंतहीन बगावत और अलगाव खुद उन्हें कठघरे में खड़ा करता है। विरोधियों की मानें तो जिस आप को सत्ता राजनीति के चरित्र में बदलाव का वाहक बनना चाहिए था, वह केजरीवाल की निरंकुश सत्ता का औजार बनकर रह गई। जिस रफ्तार से आप ने दो राज्यों की सत्ता और राष्ट्रीय दल का दर्जा हासिल किया, उसी गति से उसमें आंतरिक असंतोष उभरता गया। कम उम्र में सीए और फिर विधायक-सांसद बने राघव चड्ढा को जिस तरह राज्यसभा में उपनेता पद से हटाते हुए पत्र लिखा गया कि उन्हें पार्टी की ओर से बोलने का समय न दिया जाए, वह नेतृत्व से बढ़ती कटुता का प्रमाण है। जिन राघव पर पंजाब में 'सुपर सीएम' की तरह काम करने के आरोप लगे, वह अचानक इतना नापसंद कैसे हो गए? क्या निजी रिश्ते ही आप में राजनीतिक हैसियत तय करते हैं? ऐसे सवाल तभी से उठ रहे हैं, जब दिल्ली में प्रचंड बहुमत से सत्ता मिलने के बाद प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव और कुमार विश्वास जैसे संस्थापक सदस्यों का अलगाव हुआ था, पर जवाब आज तक नहीं मिले।

'आपरेशन लोटस' की भनक मिलने पर ही राघव को उपनेता पद से हटाने की बात कही जा रही है, पर जिन अशोक मित्तल को उनकी कुर्सी दी गई, वह भी भाजपा से जा मिले, शायद ईडी के छापों से डर से। कारोबारी हमेशा मुनाफे का ही सौदा करेगा।

# जनगणना से चुनाव तक, फील्ड में जान गंवा रहे कर्मचारी

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया हो, लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव हों या फिर जनगणना जैसे विशेष अभियान, इनका जिम्मा शिक्षकों तथा अन्य विभागीय कर्मियों को दिया जाता है। उन्हें बिना किसी त्रुटि या हड़बड़ी के पूरी सटीकता के साथ इस कार्य को अंजाम देना होता है। मगर इस दौरान उन्हें किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, इस पर शायद ही सरकार और प्रशासनिक स्तर पर पहले कोई चर्चा होती हो या कोई समाधान तलाशने की कोशिश की जाती हो। यानी परिस्थिति जो भी हो, इन कर्मियों को हर हाल में काम पूरा करना होता है। ऐसे में कई बार काम का बोझ या चुनौतीपूर्ण हालात न



केवल शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों को बढ़ा देते हैं, बल्कि संबंधित कर्मी की जान तक चली जाती है। ओडिशा में ऐसे ही दो स्कूली शिक्षकों की लू लगने से मौत हो गई, जिन्हें जनगणना के कार्य में नियुक्त किया गया था। खबरों के मुताबिक, अलग-अलग घटनाओं में जब ये शिक्षक घर-घर जाकर सर्वेक्षण करने के बाद स्कूल लौटे, तो बेहोश हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। गौरतलब है कि पिछले दिनों मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में तैनात कई खंड स्तरीय अधिकारियों की मृत्यु हो जाने की खबरें आई थीं। पीड़ित पक्षों का दावा था कि काम का अत्यधिक बोझ और मानसिक परेशानी मौत का कारण बना, हालांकि अधिकांश मामलों में आधिकारिक स्तर पर व्यक्तिगत समस्या का ही हवाला दिया गया। चुनाव के दौरान भी इस तरह के मामले सामने आते रहते हैं। अब देश में जनगणना का कार्य शुरू हुआ है और अभी से ऐसी घटनाएं सामने आने लगी हैं। अगर शिक्षकों की बात की जाए, तो लंबे समय से यह मांग की जाती रही है कि उनकी जिम्मेदारी को शिक्षण कार्य तक ही सीमित रखा जाए, क्योंकि इससे बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ता है। सवाल है कि इस तरह के विशेष सरकारी अभियानों में तैनात किए जाने वाले कर्मियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी और जवाबदेही किसकी है?



# टीवी शो 'जाने अनजाने हम मिले' में नेगेटिव किरदार निभा रही हैं गौरी अग्रवाल

टीवी शो 'जाने अनजाने हम मिले' में कीर्ति का किरदार निभा रही अभिनेत्री गौरी अग्रवाल ने अपने रोल में आए बड़े बदलाव को काफी चुनौतीपूर्ण बताया। शुरुआत में पॉजिटिव और प्यारी लड़की के रूप में दिखाई गई कीर्ति अब पूरी तरह नेगेटिव किरदार में बदल चुकी है। इस बदलाव ने गौरी को अभिनय के नए आयाम सिखाए हैं। गौरी अग्रवाल ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि किरदार में यह बड़ा ट्रांसफॉर्मेशन उनके लिए फिजिकली और इमोशनली दोनों तरह से बहुत डिमांडिंग रहा है। उन्होंने कहा, 'शुरुआत में कीर्ति बहुत पॉजिटिव थी, लेकिन धीरे-धीरे उसका किरदार ग्रे शेड्स में बदलता गया और अब वह पूरी तरह नेगेटिव हो चुकी है। मुझे लगातार खुद को याद दिलाना पड़ता है कि जो कुछ कीर्ति कर रही है, वह उसके किरदार की सोच के अनुसार है, भले ही व्यक्तिगत रूप से मुझे उन कामों को सही ठहराना बहुत मुश्किल लगे। 'गौरी ने कुछ मुश्किल सीन्स का जिक्र करते हुए बताया, 'कुछ सीन ऐसे थे जहां मेरी अपनी नैतिकता मुझे रोक रही थी। उन सीन्स को पूरी शिद्दत से करना मेरे लिए भावनात्मक रूप से बहुत कठिन था। एक अभिनेत्री के रूप में मुझे समझना था कि मैं सिर्फ अपने किरदार के सफर को आगे बढ़ा रही हूं। ऐसे सीन इमोशनली और फिजिकली दोनों तरह से काफी चुनौतीपूर्ण रहे, क्योंकि मुझे यह सुनिश्चित करना होता था कि सीन असली लगें, लेकिन किसी भी हद को पार न करें।' अभिनेत्री ने आगे कहा कि नेगेटिव किरदार बनने के बाद कीर्ति के इंटेंस फैसलों को समझना और इमोशनल स्तर पर उन्हें स्वीकार करना उनके लिए लगातार चलने वाली प्रक्रिया रही है। कीर्ति जिस हद तक जाती है, रीत और राघव को नुकसान पहुंचाना, गुस्सा दिखाना या खुद को चरम की स्थिति में ले जाना, यह सब बहुत खतरनाक है। इन चीजों को समझना और इमोशनली सही ठहराना मेरे लिए काफी मुश्किल रहा है। टीवी शो 'जाने अनजाने हम मिले' में गौरी अग्रवाल के साथ भारत अहलावत राघव का किरदार निभा रहे हैं, जबकि आयुषी खुराना रीत की भूमिका में हैं।



# जैकी भगनानी के सिचुएशनशिप वाले बयान पर रकुल प्रीत ने दी सफाई

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत और एक्टर, प्रोड्यूसर जैकी भगनानी साल 2024 में शादी के बंधन में बंधे थे। इससे पहले दोनों रिलेशनशिप में भी रहे। दोनों एक-दूसरे को अच्छे से जानते समझते हैं और प्यार करते हैं। लेकिन जैकी भगनानी के हालिया इंटरव्यू ने फैंस के मन में इनके रिश्ते को लेकर सवाल खड़े कर दिए। दरअसल, जैकी भगनानी ने रकुल के साथ अपने रिश्ते को सिचुएशनशिप का नाम दिया। सिचुएशनशिप का नाम उस रिश्ते को दिया जाता है, जिसे लेकर भविष्य में कोई प्लानिंग कपल नहीं बनाना चाहते हैं। इस पूरे मामले पर अब रकुल ने भी अपना नजरिया रखा है। जानिए, जैकी भगनानी के बयान पर वह क्या बोली हैं?

## रकुल प्रीत ने अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात की

जैकी भगनानी के सिचुएशनशिप वाले बयान पर बढ़ते बवाल को देखते हुए शुक्रवार को रकुल प्रीत ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट की। इसमें वह लिखती हैं, 'आज हम इस बात पर खूब हंसे कि कैसे एक घंटे लंबी बातचीत में से सिर्फ एक लाइन अचानक से सुर्खियां बन जाती है। मेरा मानना है कि हर बात में संदर्भ मायने रखता है। बारीकियां मायने रखती हैं। हमारी बातचीत इससे बेहतर की हकदार है, उसे सिर्फ क्लिकबेट बनाकर रख दिया गया। शायद अब समय आ गया है कि प्लेटफॉर्म उन कहानियों के लिए थोड़ी और जिम्मेदारी लें जो वे बनाते हैं।'


## आखिर जैकी भगनानी ने क्या बयान दिया था

बीते दिनों एक इंटरव्यू जैकी भगनानी और रकुल ने दिया था। इसी बातचीत में जैकी भगनानी ने कहा था, 'रकुल और मैं शादीशुदा हैं, लेकिन हमारा रिश्ता एक तरह का सिचुएशनशिप है। हम एक-दूसरे के लिए ही बने हैं, शादी इसी वजह से हुई है। लेकिन सबसे खास बात यह है कि मैं रकुल से हर बात खुलकर कह सकता हूं। अगर रकुल के आस-पास होने पर मेरी कोई एक्स गर्लफ्रेंड मुझे फोन करती है, तो मैं फोन स्पीकर पर डाला देता हूं। मैं अपनी पत्नी से कुछ भी नहीं छिपाता। इसलिए मुझे अपने रिश्ते में घुटन महसूस नहीं होती है।'

## रकुल प्रीत का करियर फ्रंट

रकुल प्रीत के करियर की बात करें तो जल्द ही उनकी एक फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' रिलीज होगी। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान जैसे एक्टर्स भी नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई को रिलीज होगी।





# अहान शेट्टी ने अपनी अपकमिंग फिल्म का टाइटल किया फाइनल

सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी ने अपनी अपकमिंग फिल्म का टाइटल फाइनल कर लिया है। अब जल्द वो निर्देशक टीनू देसाई के साथ अपने इस नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे। अहान ने बड़े ही आराम से इसे साजिद नाडियाडवाला से मांगकर अपने नाम रजिस्टर करवा किया। सुनने में आया है कि अहान ने यह टाइटल निर्माता साजिद नाडियाडवाला से सीधे जाकर मांग लिया। इंडस्ट्री में आमतौर पर ऐसे फैसले अंतरिक चर्चाओं और काफी बातचीत के बाद लिए जाते हैं। मगर अहान ने ऐसा नहीं किया। वो सीधे जाकर निर्माता साजिद नाडियाडवाला से मिले और टाइटल को लेकर बात की। साजिद पहले इसे किसी और फिल्म में उपयोग करने वाले थे। खबरों के अनुसार वो फिल्म भी अहान शेट्टी की ही थी पर अहान ने साजिद को बताया कि वो इस टाइटल को अपने दूसरे प्रोजेक्ट में उपयोग करना चाहते हैं।

# परब्रमता चटर्जी के साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात है



कई बार शूटिंग के दौरान कलाकारों के बीच अच्छी बॉन्डिंग दिखने लगती है। ऐसी ही दोस्ती अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया और बंगाली अभिनेता परब्रमता चटर्जी के बीच देखने को मिली। दोनों इन दिनों एक नई थ्रिलर-एक्शन वेब सीरीज की शूटिंग कर रहे हैं। निमृत ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने अपने को-स्टार की जमकर तारीफ की और उन्हें सबसे अच्छा इंसान बताया। निमृत कौर अहलूवालिया ने अपने इंस्टाग्राम पर एक सेल्फी शेयर की, जो नैनिताल की शूटिंग के दौरान ली गई है। इस तस्वीर में वह और परब्रमता चटर्जी साथ खड़े नजर आ रहे हैं और कैमरे की तरफ मुस्कुराते हुए दिख रहे हैं। तस्वीर में उनकी दोस्ती साफ दिख रही है। इस फोटो के साथ निमृत ने कैप्शन में लिखा, ''परब्रमता चटर्जी इस दुनिया के सबसे अच्छे लोगों में से एक हैं और उनके साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात है।'' फिलहाल इस नई वेब सीरीज का नाम अभी सामने नहीं आया है और इसके बारे में ज्यादा जानकारी भी गोपनीय रखी गई है। फिल्म की शूटिंग पिछले हफ्ते शुरू हो चुकी है और इसे एक थ्रिलर-एक्शन कहानी के रूप में बनाया जा रहा है। इससे पहले फरवरी में खबर आई थी कि निमृत एक नई थ्रिलर सीरीज में नजर आएंगी, जिसका नाम 'अब होगा हिसाब' बताया जा रहा है। इसकी कहानी पंजाबी संस्कृति से जुड़ी होगी। इस शो में संजय कपूर, शहीर शेख और मौनी रॉय जैसे बड़े कलाकार भी शामिल हैं। इस सीरीज को एरे स्टूडियो प्रोड्यूस कर रहा है और इसका निर्देशन दिव्यांशु मल्होत्रा कर रहे हैं। कहानी एक रहस्य और बदले पर आधारित है, जिसमें इंसानी भावनाएं, सत्ता की लड़ाई और छिपे हुए राज दिखाए जाएंगे। इस कहानी में निमृत का किरदार काफी अहम बताया जा रहा है। बता दें कि निमृत इससे पहले पंजाबी फिल्म 'शौकी सरदार' में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ गुरु रंधावा, बब्बू मान और गुग्गू गिल जैसे कलाकार भी थे।

# 'धूम 4' और 'ब्रह्मास्त्र 2' को लेकर रणबीर ने शुरू की तैयारी



अपनी आगामी फिल्म 'रामायण' में प्रभु राम की भूमिका से रणबीर कपूर ने अपनी नई झलक से इंटरनेट पर धूम मचा दी है। यह फिल्म इसी साल दिवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फैंस बेसब्री से रणबीर को भगवान राम के रूप में देखने का इंतजार कर रहे हैं। अभी रणबीर 'रामायण' और 'लव एंड वॉर' फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि इन दोनों फिल्मों के बाद रणबीर किस बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने वाले हैं? इन दोनों रणबीर कपूर 'रामायण भाग 1' और 'लव एंड वॉर' फिल्मों की शूटिंग कर रहे है, जो लगभग अक्तूबर 2026 तक पूरी होने की उम्मीद है। शूटिंग खत्म होने से पहले ही रणबीर ने अगली फिल्मों की योजना बनाना शुरू कर दिया है। रणबीर संदीप रेड्डी वांगा कि 'एनिमल पार्क' से पहले एक और बड़े प्रोजेक्ट पर करना चाहते हैं, जिसकी शूटिंग 2027 के आखिर में शुरू हो सकती है। एक खबर के अनुसार, रणबीर कई स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। उनमें दो बड़ी फिल्में सबसे मजबूत दावेदार हैं। पहली- अयान मुखर्जी की 'ब्रह्मास्त्र 2' और दूसरी यश राज फिल्म्स की 'धूम 4'। रणबीर ने दोनों फिल्मों के मूल आइडिया सुन लिए हैं। दोनों की कहानी उन्हें पसंद आई है। लेकिन वे पूरी लिखित स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद ही कोई फैसला लेंगे।
'धूम 4' शुरुआती स्टेज में है। अभी डायरेक्टर भी फाइनल नहीं हुआ है। 'ब्रह्मास्त्र 2' में कास्टिंग की समस्या आ रही है। दीपिका पादुकोण अमृता का रोल करने वाली थीं, लेकिन दोबारा प्रेगनेंसी की वजह से अब दूसरी अभिनेत्री की तलाश की जा रही है। दरअसल, रणबीर 'रामायण 2' और 'एनिमल पार्क' के बीच के समय में एक बड़ी फिल्म करना चाहते हैं। फिलहाल, 'ब्रह्मास्त्र 2' को थोड़ी ज्यादा प्राथमिकता मिल रही है। हो सकता है कि जून 2026 तक रणबीर अंतिम स्क्रिप्ट पढ़कर अपना फैसला ले लेंगे।



# मैं शुरू से क्लियर थी कि जब मैं फिल्म प्रोड्यूस करूंगी तो उसमें खुद एक्टिंग नहीं करूंगी

**एक्टिंग के बाद फिल्म निर्माण में कदम रखने वाली बॉलीवुड अदाकाराओं में अब पत्रलेखा का नाम भी जुड़ चुका है। हाल ही बतौर प्रोड्यूसर पत्रलेखा की पहली फिल्म 'टोस्टर' आई है। इसमें उनके पति राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा लीड रोल में हैं। फिल्म को अच्छा रेस्पॉन्स भी मिल रहा है।**

पत्रलेखा कहती हैं कि उन्होंने पहले ही सोच रखा था कि वह अपनी फिल्म में एक्टिंग नहीं करेंगी। उनकी यह फिल्म एक कंजूस आदमी की कहानी है। बात निकली तो एक मजेदर सवाल ये भी पूछा गया कि राजकुमार राव और उनमें, असल जिंदगी में ज्यादा कंजूस कौन है? 36 साल की नई-नवेली मां ने इसका भी जवाब दिया।

## मैं 2017 से ही प्रोड्यूसर बनना चाहती थी

पत्रलेखा 'टोस्टर' के बनने और प्रोड्यूसर बनने के बारे में बताती हैं, 'हम दोनों (राज और वह) साल 2017 से ही प्रोड्यूसर बनना चाहते थे, मगर बीच में कोविड महामारी आ गई तो वह नहीं हो पाया, लेकिन मैं शुरू से क्लियर थी कि जब मैं फिल्म प्रोड्यूस करूंगी तो उसमें खुद एक्टिंग नहीं करूंगी, क्योंकि कैमरे के पीछे भी मैं जो करूंगी अच्छे से करूंगी।' मेरे लिए आसानी यह रही कि डायरेक्टर विवेक दास चौधरी से लेकर सान्या मल्होत्रा, फराह खान, हम सब दोस्त हैं। राज तो घर का ही एक्टर है तो ज्यादा मुश्किल नहीं हुई। अब जब आगे मैं कैमरे के आगे कोई रोल करूंगी, तब भी यह अनुभव बहुत काम आएगा।

## प्रोडक्शन में 365 दिन 24 घंटे काम होता है

बकौल पत्रलेखा, 'मेरी जिंदगी का मकसद ही यह है कि मैं शायद 10 चीजें न करूं, एक ही चीज करूं, मगर उसमें मैं अपना 100 पर्सेंट दूंगी तो मैंने सोच रखा था कि मैं कैमरे के आगे नहीं रहूंगी। सच कहूं तो मुझे इस जर्नी में बहुत मजा आया। बतौर एक्टर हमें पता नहीं होता कि फिल्म बनाने में कितना काम होता है। प्रोडक्शन में 365 दिन 24 घंटे काम होता है। मेरे लिए आसानी यह रही कि डायरेक्टर विवेक दास चौधरी से लेकर सान्या मल्होत्रा, फराह खान, हम सब दोस्त हैं। राज तो घर का ही एक्टर है तो ज्यादा मुश्किल नहीं हुई। मुझे लगता है कि अब जब आगे मैं कैमरे के आगे कोई रोल करूंगी, तब भी यह अनुभव बहुत काम आएगा।'

## राजकुमार नहीं, मैं हूं कंजूस

'टोस्टर' में राजकुमार राव एक महा कंजूस पति की भूमिका में हैं। क्या असल जिंदगी में भी वह ऐसे हैं? इस सवाल के जवाब में पत्रलेखा पूरी ईमानदारी और बेबाकी से कहती हैं, 'नहीं, राज बिलकुल कंजूस नहीं है। हम दोनों में से मैं कंजूस हूं।' वह आगे हंसते हुए बताती हैं, 'मैंने तो ऐसा भी किया है कि फिल्म के डायरेक्टर विवेक, जो मेरे बचपन के दोस्त हैं, मैं उसको बोलती थी कि मुझे खाना खिलाने लेकर चल और जब बिल देने की बारी आती थी तो मैं उसको बिल पकड़ाकर चली जाती थी।' पत्रलेखा और राजकुमार राव पहले दोस्त थे। फिर लाइफ पार्टनर बने। दोनों साल 2010 से ही साथ हैं। जबकि 15 नवंबर 2021 को दोनों ने पति-पत्नी के रूप में जीवन की नई पारी शुरू की। अब उनकी जिंदगी में बेटी पार्वती पॉल राव भी है। यह भी दिलचस्प संयोग है कि बेटी का जन्म उनकी शादी की चौथी सालगिरह पर 15 नवंबर 2025 को हुआ। क्या माता-पिता बनने के बाद दोनों के आपसी रिश्ते बदले हैं। इस पर पत्रलेखा कहती हैं, 'नहीं। पैरेंट्स बनने के बाद भी राज और मैं बिल्कुल नहीं बदले हैं। हम पहले दिन से दोस्त हैं और आज भी दोस्त है। हमारे रिलेशनशिप के चलने की वजह भी यही है कि हम बहुत अचछे दोस्त हैं।'

# टॉप-10 छात्र सम्मानित, तहसीलदार ने बढ़ाया हौसला

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे की समाजसेवी संस्थान श्री गांधी जनकल्याण समिति की ओर से आदर्श विद्या मन्दिर उमावि, मण्डावा में गुरुवार को विद्यालय - भवन सभागार में एक सम्मान समारोह आयोजित किया। इसमें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट प्रतियोगी परीक्षाओं में जनपद स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप-10 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मण्डावा तहसीलदार डा0 सुरेन्द्र भास्कर ने मुख्य अतिथि के रूप में मेधावियों को माला पहनाकर, नगद राशि व पाठ्य सामग्री प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में तहसीलदार ने कहा कि इन विद्यार्थियों ने



प्रतियोगी परीक्षा में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर अपने जीवन की महत्वपूर्ण सीढ़ियां सफलतापूर्वक पार कर ली हैं। उन्होंने छात्रों को बताया कि आगे का जीवन प्रतियोगिताओं, चुनौतियों और अवसरों से भरा है, जिसमें धैर्य, अनुशासन और निरंतर मेहनत ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। तहसीलदार ने आयोजक संस्थान को भी साधुवाद दिया और कहा कि उनके सहयोग, संस्कार और सानिध्य के कारण ही जनपद को ऐसे प्रतिभाशाली छात्र मिले हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल अंक प्राप्त करने की नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और भविष्य निर्माण की मजबूत नींव है। उन्होंने छात्रों को आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं और करियर के अवसरों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। समारोह में भाजपा नेता संदीप शर्मा ने कहा कि इन छात्र-छात्राओं की उपलब्धि पूरे जनपद के लिए गौरव का विषय है। ऐसे सम्मान समारोह अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन गोविन्द सोनी ने किया। कार्यक्रम के संयोजक सूर्यप्रकाश लाहोरा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करता है। इस अवसर पर स्कूल निदेशक अभिषेक तेतरवाल, प्राचार्य मुकेश स्वामी, पूर्व पार्षद कैलाश पीपलवा, अनिल चौधरी, बाबूलाल सैनी आदि वक्ताओं ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया।

## भीषण गर्मी में प्यासों को पानी पिलाना ही सच्ची मानव सेवा

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के युवादल की ओर से हर साल की भांति भीषण गर्मी के दौरान पेयजल की वितरण की व्यवस्था शुरु की गई। भीषण गर्मी को देखते हुए युवा दल के कार्यकर्ता बेसहारा गौमाता के लिए खेलो को साफ कर उनमें टैंकरों से साफ पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इस अवसर पर भामाशाह अमरसिंह चारण ने बताया कि सक्षम व्यक्ति तो पैसे देकर पानी के टैंकर गिरवाने में समर्थ है परंतु झुग्गी और गायों को पेयजल की आपूर्ति करवाना हमारा नैतिक धर्म है और यही मानवता की निशानी है। इस अवसर पर युवा दल के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## हर्षिता शर्मा ने पाया राज्य मैरिट में आठवां स्थान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर की ओर से घोषित एलएलबी तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में बीकानेर स्थित ज्ञान विधि पीजी महाविद्यालय की छात्रा व सुजानगढ़ निवासी हर्षिता शर्मा ने राज्य स्तरीय मैरिट में आठवां स्थान प्राप्त कर अपने परिवार, समाज और सुजानगढ़ का नाम रोशन किया है। हर्षिता शर्मा का उसके पिता परमानंद सुरोलिया, ताऊ बृज मोहन सुरोलिया, प्रेमशंकर सुरोलिया आदि ने उसका स्वागत करते हुए मिठाई खिलाई। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद खन्ना ने कहा कि हर्षिता की यह सफलता उसके अथक परिश्रम, अनुशासन और अटूट संकल्प का परिणाम है। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य बी.एल. बिश्नोई ने हर्षिता को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हर्षिता की माता प्रेमलता, बहन कामना और भाई मुकुंद ने भी खुशी जताते हुए इस उपलब्धि को परिवार के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।



## शिविर में 125 लोगों की चिकित्सकीय जांच




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नया बास क्लब के सामने राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत न्यामत अब्दुम करीम खिची राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चांद बास की ओर से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। हेल्थ मैनेजर ओमप्रकाश परिहार ने बताया कि शिविर में डॉ. बजरंगलाल वर्मा की ओर से मोहल्ले के करीब 125 लोगों की जांच कर चिकित्सकीय परामर्श दिया गया और नि:शुल्क दवा वितरण किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश चांडक ने बताया कि शिविर में शुगर, बीपी, एएनसी जांचे भी की गई। शिविर को सफल बनाने में नर्सिंग ऑफिसर रामप्रताप बांसुड़ा, लैब टेक्नीशियन गौरव शर्मा, एएनएम मुनीदेवी, संजू कुमारी, पूजा सैन, प्रकाश सोनी आदि ने योगदान दिया। भामाशाह अब्दुल करीम खिची ने बताया कि प्रत्येक माह इस प्रकार के कैंपों का आयोजन अलग-अलग स्थानों पर किया जाता है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा रत्न अवार्ड श्याम स्वर्णकार को

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भारत की ओर से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा रत्न अवार्ड 2026 सुजानगढ़ निवासी टीम हारे का सहारा के संयोजक श्यामसुंदर स्वर्णकार को दिया जाएगा। संस्कार के साथ सुरक्षा अभियान के अंतर्गत मृणाल राठी स्मृति आईएमसी राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा रत्न अवार्ड के लिए स्वर्णकार का चयन जन जागृति भूषण के रूप में किया गया है। क्लब के जिला अध्यक्ष शशि कला राम अवतार मंत्री ने बताया सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता, घायलों के त्वरित सहायता एवं सुरक्षित यात्रा संस्कृति के निर्माण में योगदान के लिए स्वर्णकार को यह सम्मान दिया जाएगा।



## भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** भीषण गर्मी के बीच बेजुबान पक्षियों के लिए राहत का प्रयास करते हुए गुरुवार को पंचायत समिति परिसर पाटन में पानी के परिंडे लगाए गए। यह कार्य पंचायत समिति विकास अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य सुमित फागना, भागीरथ यादव, ओमप्रकाश मीणा, राधेश्याम मीणा, सिद्धार्थ वशिष्ठ, नवरंग लाल भारद्वाज, इरफान खान, अमित चंद यादव, पंकज वर्मा, संजू सैनी, जितेंद्र जाटोलिया सहित कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने आमजन से भी अपील की कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था कर पुण्य का कार्य करें।



## कथा का हवन यज्ञ में पूर्णाहुति के साथ समापन

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** नगर पालिका के निकट महाजन पंचायत - भवन में गुरुवार को श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर भक्तों ने हवन यज्ञ में पूर्णाहुति दी। इसी के साथ भागवत कथा का विश्राम हो गया। श्री श्याम सखी महिला मण्डल के तत्वावधान में आयोजित कथा के पश्चात वेद मंत्रोच्चारण के मध्य हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कस्बे के साथ ही विभिन्न गावों से भक्तगण शामिल हुए। यज्ञ में आहुति देकर क्षेत्र की खुशहाली और विश्व में सभी के स्वस्थ रहने की कामना की। हवन के महत्व की जानकारी देते हुए आचार्या रजनीश्वरी मिश्रा ने कहा कि यज्ञ का धुआं वातावरण एवं वायु मंडल को शुद्ध करने के साथ लोगों के आत्मबल को बढ़ाता है। श्रीमद् भागवत से जीव में भक्ति ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। उन्होंने कहा कि यज्ञ करने से प्राकृतिक वातावरण में शुद्धता के साथ-साथ अपने भीतर के अवगुण भी दूर होते हैं। उन्होंने बताया कि यज्ञ से रोगाणुओं अर्थात कृमियों का नाश हो जाता है। यह रोगजनक कृमि पर्वतों, वनों, औषधियों, पशुओं और जल में रहते हैं, जो हमारे शरीर में अन्न और जल के साथ जाते हैं। उन्होंने कहा कि भक्त की साधना से खुश होकर भगवान रीझ जाते हैं। उन्होने कहा कि कलयुग केवल नाम अधारा सुमिर सुमिर नर उतरहि पारा। कलियुग में जीवन के सभी पापों से मुक्ति का एक मात्र आधार भगवान की भक्ति ही है। भगवान का नाम स्मरण करने से ही भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। भगवान नाम में भारी शक्ति है। मिश्रा ने व्रत उपासना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोई ईश्वर किसी से भूखे पेट रहकर भक्ति करने को नहीं कहते हैं। मन पर नियंत्रण और नाम जाप



ही इस जगत में पार लगाने के लिए काफी है। दुष्ट व्यक्ति दूसरे के दु:ख से कभी परेशान नहीं होता बल्कि दूसरे के सुख से परेशान होता है। पुरूषार्थ से ही श्रेष्ठ भाग्य का निर्माण होना संभव है लेकिन इसके लिए नि:स्वार्थ भाव से कार्य करते रहना चाहिए। वर्तमान में किए जाने वाला पुरूषार्थ ही हमारे अगले जीवन के अच्छे भाग्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि संसार सागर में भक्ति एक नौका की तरह है। नौका के बिना भव सागर से पार नहीं उतरा जा सकता है। उसी तरह भक्ति के बिना मनुष्य जीवन पटरी पर नहीं चल सकता है। ईश्वर भक्ति का मार्ग अपना कर मनुष्य को मोक्ष का मार्ग पर चलना चाहिए। कथा सुनने आए भक्तों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री श्याम सखी महिला मण्डल की प्रमुख उमा हेमाणी, सरोज सिंघानिया, सीमा देवड़ा, सरोज तुनवाल, मंजू सैनी, राजकुमार सिंघानिया सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

## निजी स्कूलों पर पाठ्य सामग्री में लूट के आरोप, कार्रवाई नहीं होने पर धरने की चेतावनी



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** क्षेत्र में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही निजी शिक्षण संस्थानों पर पाठ्य सामग्री के नाम पर मनमानी वसूली के आरोप तेज हो गए हैं। आम किसान व मजदूर वर्ग के अभिभावकों ने निजी विद्यालय संचालकों पर किताबों व अन्य सामग्री की कीमतें बढ़ाकर काला बाजारी करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में भगत सिंह फोर्स ने अनूप पुनिया के नेतृत्व में सीबीओ सुमन जाखड़ को जिला शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि कई निजी स्कूलों में किताबों के केवल कवर बदलकर 10 गुना तक कीमत वसूली जा रही है, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 5 दिन में ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान अनूप पुनिया ने कहा कि यह समस्या केवल सादुलपुर तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में बढ़ती जा रही है। वहीं किताब विक्रेता अजय अग्रवाल ने बताया कि स्कूलों में सीधे किताबें बेचे जाने से स्थानीय पुस्तक विक्रेताओं पर भी बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पहले शहर में 7 किताबों की दुकानें थीं, जो अब घटकर 3 रह गई हैं। ज्ञापन देने वालों में अनूप पुनिया, मोहन लाल झाड़सर, सुखबीर भामाशी, राजेश भामासी, सत्यवीर, सुखवीर सहारण, समुद्र ददरेवा, सुरेश किलका, एडवोकेट शिव मंगल, सुभाष जोइया, राजकुमार, फगेड़िया, धर्मवीर महला, मुकेश दुग्गल, कृण सिंह फौजी सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## तारानगर में अवैध शराब पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 250 लीटर शराब व 19,100 रुपए जब्त, संचालक फरार

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** अवैध नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना लाइसेंस संचालित अवैध शराब की ब्रांच का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई रोहित सांखला के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी प्रशिक्षु आरपीएस स्वाति बुरी के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम ने बस स्टैंड के पीछे संचालित अवैध ब्रांच पर दबिश देकर मौके से करीब 250 लीटर शराब बरामद की, जिसमें 131 लीटर अंग्रेजी शराब, 90 लीटर बीयर और 27 लीटर देशी शराब शामिल है। इसके साथ ही शराब बिक्री से अर्जित 19,100 रुपए नकद भी जब्त किए गए। कार्रवाई में एसआई सुरेश यादव, एएसआई विजय सिंह, महेशचंद, हेड कांस्टेबल भैरूसिंह, कांस्टेबल बलवान, प्रदीप कुमार और चालक बलजिंद्र की अहम भूमिका रही। पुलिस के पहुंचने से पहले ही अवैध शराब का संचालक मौके से फरार हो गया। थानाधिकारी स्वाति बुरी ने बताया कि मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच एसआई सत्यप्रकाश द्वारा की जा रही है और फरार आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## सरकारी टैंकरों से पेयजल आपूर्ति की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को एक ज्ञापन सौंपकर पेयजल संकट वाले मोहल्लों में सरकारी टैंकरों से जलापूर्ति की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही सुजानगढ़ शहर के विभिन्न वार्डों में पीने के पानी की समस्या विकराल रूप धारण करने लगी है। पेयजल की भारी किल्लत को देखते हुए आमजन को राहत दिलाई जानी आवश्यक है। ज्ञापन में बताया गया है कि गर्मी के बढ़ते प्रभाव के कारण पाइपलाइन के माध्यम से होने वाली जलापूर्ति न केवल अनियमित हो गई है, बल्कि कई क्षेत्रों में तो पानी नाममात्र का आ रहा है। शहर की कई कॉलोनियों में स्थिति इतनी दयनीय है कि लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। पानी की कमी से लोगों के दैनिक कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, जिसके कारण उन्हें महंगे दामों पर निजी टैंकर मंगवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। अत: बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां तुरंत निशुल्क सरकारी जल टैंकरों की व्यवस्था की जाए और पाइपलाइन से भी जलापूर्ति को सुचारू किया जाए।

## चूरू जिला कलक्टर को लिखा पत्र

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कांग्रेस नेता मोहम्मद इदरीश गौरी ने चूरू जिला कलक्टर के पत्र लिखकर चांद बास के लोगों के पानी के बिल माफ करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि चांद बास में नई टंकी व पाइप लाइन के अभाव के कारण पानी की सप्लाई नहीं आती। इसलिए यहां के लोगों के बिल माफ किए जाए। इसी प्रकार बैद हॉस्पिटल, आर के गार्डन पीछे बस्ती में पाइप लाइन टूटी हुई हैं। जिसके कारण लोगों को कई महीनों से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है, इसलिए इन क्षेत्रों में पानी के टैंकर्स की व्यवस्था करवाई जाए।

## तेज अंधड़ से कई जगह उड़े टीन छप्पर



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** रिमझिम बारिश के साथ आए तेज अंधड़ के कारण क्षेत्र में अनेक लोगों को नुकसान उठाना पड़ा है। कई जगहों पर टीन शेड के छप्पर उड़ जाने के समाचार मिले हैं। वहीं छापर रोड़ पर स्थित फोर लेन सड़क पर लगा विज्ञापन होर्डिंग टूटकर सड़क पर गिर गया, जिससे यातायात बाधित हुआ। इस विज्ञापन बोर्ड की चपेट में आने से एक विद्युत पाल व डीपी भी टूट गए। वहीं क्रेन की सहायता से बाद में सड़क को खाली किया गया। वहीं ठरड़ा क्षेत्र में भी आंधी के कारण छप्पर उड़ जाने की जानकारी मिली है। कई कारखानों के छप्पर भी उड़ने की जानकारी मिली है। बारिश के कारण लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली है।

## राजकीय पशु चिकित्सालय वाहिदपूरा में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाए



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** वाहिदपुरा के राजकीय पशु चिकित्सालय में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंदें लगाए गए। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी व पक्षीमित्र संजय शर्मा, पशुधन निरीक्षक सुनील तिलोटिया, पशु परिचर कचिका कुमारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, दिलीप कुमार,पवन कुमार आदि ने परिंदा लगाया। ओर भीष्ण गर्मी को देखते हुए परिंदे में नियमित पानी भरने की शपथ ली। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा ने बताया कि मानव का धर्म केवल दूसरों की सेवा करने का ही है।नर सेवा ही नारायण सेवा है।इसलिए हमे ज्यादा से ज्यादा पुनीत कार्य में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।पशुधन निरीक्षक सुनील तिलोटिया ने भी अपने विचार रखते हुए बताया कि मई जून के महीने में व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा पुण्य धर्म के काम करने चाहिए। खासकर बेजुबान पक्षी ओर पशु की तन मन धन से सेवा करनी चाहिए। बेजुबान पक्षियों की सेवा करने से भगवान भी खुश होते है।इसलिए हमे खुद से शुरुवात कर दूसरों को भी पुनीत कार्य में शामिल होना चाहिए।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**तारानगर(निस)।** तारानगर के अपर जिला व सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने साहवा थाने में दर्ज तीन वर्ष पुराने हत्या के मामले में भाड़ँग (हाल साहवा) निवासी अभियुक्त कृष्ण कुमार पुत्र भींवाराम धारा 302 भारतीय दंड सहिंता में दोषी मानते हुए आजीवन कठोर कारावास से दण्डित किया व 50 हजार रुपये के अर्थ दण्ड से भी दण्डित किया है। उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक पंकज कुमार स्वामी ने की।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रायपुरा पंचायत समिति सरदारशहर

क्रमांक : 14-15  दिनांक :- 29.04.2026

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत रायपुरा में विभिन्न योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य के लिए इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https//sppp.rajasthan.gov.in और https//eproc.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड़ कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN- PDN2627WSOB00020

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रायपुरा
पंचायत समिति सरदारशहर

प्रशासक
ग्राम पंचायत रायपुरा
पंचायत समिति सरदारशहर

ग्राम विकास रथ अभियान सफलता की कहानी

## तारबंदी योजना से बदली किसान की तकदीर, बढ़ी आय और मिली राहत

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में ग्राम विकास रथ अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पंचायत समिति सैपऊ की ग्राम पंचायत दौनारी में विभिन्न विभागों की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। कार्यक्रम के दौरान दौनारी निवासी कृषक मनोज पुत्र हरिप्रसाद ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें कृषि विभाग की तारबंदी योजना के तहत 48 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि पहले बिना तारबंदी के कारण आवारा पशु नीलगाय, सांड आदि पशुओं के कारण फसल का 20-30 प्रतिशत नुकसान होता आ रहा था। उन्होंने कहा कि तारबंदी होने से उनकी फसल अब आवारा पशुओं नीलगाय, सांड आदि से सुरक्षित हो गई है। पहले उन्हें रातभर जागकर खेत की रखवाली करनी पड़ती थी, जबकि अब वे निश्चिंत होकर आराम कर पाते हैं। इससे न केवल उनकी आय में वृद्धि हुई है, बल्कि जीवन स्तर में भी सुधार हुआ है। कृषक मनोज ने योजना के लाभ के लिए मुख्यमंत्री व राजस्थान सरकार का आभार व्यक्त करते हुए अन्य किसानों से भी इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सोलंकी के निधन पर शोक जताया

जयपुर टाइम्स

**पाली/सुमेरपुर(निस)।** वरिष्ठ पत्रकार पुखराज कुमावत के भतीजे मोहनलाल सोलंकी का आकस्मिक निधन हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। परिवार सहित समाज के लोग सदमे में हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता मदन राठौड़ ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना बेहद दुखद है और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले और परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति मिले। घर पर लग रहा लोगों का तांता घटना की जानकारी मिलते ही परिजन, रिश्तेदार और समाज के लोग बड़ी संख्या में घर पहुंच रहे हैं। सभी लोग नम आंखों से श्रद्धांजलि दे रहे हैं। क्षेत्र में पसरा सन्नाटा मोहनलाल सोलंकी के निधन से पाली, सुमेरपुर और आसपास के गांवों में गमगीन माहौल है। हर कोई इस घटना को लेकर स्तब्ध है। राठौड़ ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा भाजपा परिवार कुमावत परिवार के साथ है और हर संभव सहयोग के लिए तैयार है।

## एचपीवी टीकाकरण को लेकर अभिभावकों व आमजन से अपील

### बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण कराने पर जोर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जिले में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिला प्रशासन व चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभिभावकों व आमजन से अपील की गई है कि वे इस महत्वपूर्ण टीकाकरण अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं। जिला कलक्टर संदेश नायक ने कहा कि एचपीवी टीका महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अत्यंत प्रभावी व सुरक्षित माना गया है। यह टीका विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से प्रमाणित है तथा क्लिनिकली टेस्टेड होने के साथ पूर्णतः सुरक्षित है। यह टीकाकरण जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एचपीवी टीका एक सिंगल डोज के रूप में लगाया जाता है, जो बालिकाओं के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। टीकाकरण के लिए आधार कार्ड, स्कूल आईडी अथवा अंकतालिका में से कोई एक दस्तावेज आयु प्रमाण के रूप में आवश्यक है। जिन बालिकाओं के पास दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, उनके लिए अभिभावक,संरक्षक द्वारा सहमति पत्र देकर आयु प्रमाणित किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि एचपीवी टीके को लेकर फैल रही किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक जानकारियों पर विश्वास न करें। यह टीका सुरक्षित है तथा इसके कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं हैं और यह सर्वाइकल कैंसर से 95 प्रतिशत से अधिक तक बचाव प्रदान करता है। जिला प्रशासन की ओर से अभिभावकों व आमजन से अपील की गई है कि वे अपनी बालिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य व सुरक्षित भविष्य के लिए निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके।

## भोमिया जी महाराज के वार्षिक भंडारे में उमड़ा जनसैलाब, भजनों से गुंजा बनीपार्क



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती बागावास अहिरान स्थित बनी पार्क में भोमिया जी महाराज के वार्षिक भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया। इस अवसर पर धूडाराम महासी की टीम की ओर से मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिसने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भक्ति रस से सराबोर कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भोमिया जी महाराज के दरबार में अमन-चैन व खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में सरपंच प्रशासक रामेश्वर प्रसाद यादव, केरली सरपंच प्रशासक रामजीलाल यादव, रामदास महाराज, गिरधारी मोटन, नाथूराम मोटन, लालचंद भंगार, सरदारमल भाखरिया, बाबूलाल मोटन, हरिराम यादव बहडोदा, राजू यादव बहदोदा, भंवरलाल गुरुजी, जयराम हिंवाल, मूलचंद पंच, रामजीलाल सापला, जयराम बड़ीगर, जगदीश आफरिया, ख्यालीराम यादव, मुक्तिलाल मीणा, हरफूल ठुकरान, कैलाश जाजम सहित अन्य सहयोगियों ने सक्रिय भूमिका निभाईअंत में श्रद्धालुओं के लिए पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# सचिव रेखा यादव के नेतृत्व में बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उच्च न्यायालय की किशोर न्याय समिति तथा पॉक्सो समिति के आदेशों की अनुपालना में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव, सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग बबलू शर्मा, बाल रोग विशेषज्ञ ब्रजेश शर्मा, सदस्य बाल कल्याण समिति कविता, बाल संप्रेषण व किशोर गृह अधीक्षक मुरारीलाल के नेतृत्व में गठित निरीक्षण दल की ओर से बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि संस्थाओं में निवासरत बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं अनुकूल वातावरण प्राप्त हो तथा उनके शिक्षा, स्वास्थ्य व पुनर्वास से संबंधित अधिकारों की प्रभावी रूप से पूर्ति हो सके। निरीक्षण दल की ओर से निरीक्षण के दौरान वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान संप्रेषण गृह की आधारभूत संरचना, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, क्षमता व बच्चों की आवासीय स्थिति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल की ओर से बाल संरक्षण तंत्र के अंतर्गत सीसीटीवी व्यवस्था, स्टाफ का सत्यापन, आगंतुक रजिस्टर एवं सुरक्षा उपायों की जांच की गई। इसके अतिरिक्त बच्चों को प्रदान किए जा रहे पोषण, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सुविधाएं, चिकित्सा रिकॉर्ड एवं मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का भी मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों की शिक्षा व्यवस्था व पुनर्वास योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया गया। दल की ओर से बच्चों से व्यक्तिगत एवं समूह में संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं व सुझावों को गंभीरता से सुना गया। व्यक्तिगत देखभाल योजना, केस फाइल एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही निरीक्षण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने हेतु आवश्यक जियो टेग फोटो भी संकलित किए गए। निरीक्षण के आधार पर स्थिति का मूल्यांकन करते हुए आवश्यक सुधार के लिए निर्देश दिए गए। जहां कमियां पाई गईं, तो उन्हें शीघ्र दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान केयर टेकर राजकुमार गुर्जर, कनिष्ठ सहायक संजय, स्टेनो राहुल डंडौतिया मौजूद रहे।

## श्री बालाजी वाटर सप्लायर्स प्लांट सीज, पानी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** गर्मी के मौसम में आमजन को शुद्ध व सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से गुरुवार को जालौर शहर में वाटर सप्लाई प्लांट का सघन निरीक्षण व सख्त कार्रवाई की गई। आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण, राजस्थान के निर्देश तथा जिला कलेक्टर प्रदीप के. गांवड़े एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी के निर्देशन में टीम ने भीनमाल रोड स्थित फर्म श्री बालाजी वाटर सप्लायर्स, जालौर व हनुमान नगर कॉलोनी स्थित राज वाटर सप्लायर्स जालौर का निरीक्षण किया। टीम में तहसीलदार जालौर रणजीत सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हनवन्तसिंह ने वाटर प्लांट की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री बालाजी वाटर सप्लायर्स में लाईसेंस रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया, पानी के किसी भी प्रकार की जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी, फर्म में कार्यरत कार्मिक का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं पाया गया, टीडीएस मीटर की उपलब्धता नहीं थी और विभिन्न कमियां व अनियमितताएं पाई गईं, जिस पर सख्त कार्रवाई करते हुए भीनमाल रोड स्थित फर्म श्री बालाजी वाटर सप्लायर्स, जालौर प्लांट को मौके पर ही सीज किया गया। साथ ही उक्त दोनो फर्मो के पेयजल की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल लेकर प्रयोगशाला भिजवाए गए। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, जल शोधन प्रक्रिया व मानकों के अनुपालन की भी जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत जिलेभर में निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी ताकि आमजन को गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध हो सके। साथ ही आमजन से अपील की गई कि वे केवल स्वच्छ व प्रमाणित स्रोतों से ही पेयजल का उपयोग करें।

## सांडेराव में 3 मई को कुमावत समाज का भव्य समारोह, प्रतिभाओं का होगा सम्मान

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(पाली)।** गोड़वाड़ अंचल में कुमावत समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 3 मई (रविवार) को सांडेराव में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। निम्बेश्वर मार्ग स्थित कुमावत समाज भवन में होने वाले इस आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं और क्षेत्रभर में उत्साह का माहौल है। समाजसेवी जगदीश कुमावत ने बताया कि गोड़वाड़ कुमावत शिक्षा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित कर युवाओं को प्रेरित करना है। समारोह में सुमेरपुर के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ विकास मारवाल, महेंद्र कुमावत, मेजर प्रयास मालवीया, जीवाराम टांक, डॉ रोहित कुमावत, जितेन्द्र कुमावत शामिल होंगे। मंच संचालन नरपत आर्य (जालौर), सुरेश मंडोरा (आहोर) और ललित बड़वाल (सुमेरपुर) की ओर से किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ होगा। इसके पश्चात शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान, अतिथियों के उद्बोधन तथा अंत में सामूहिक भोज का आयोजन रखा गया है।

आयोजन को सफल बनाने में भामाशाहों का भी सराहनीय योगदान रहा है। वालाजी चांदोरा एवं फूलचंद टांक द्वारा व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया गया है, जिसे समिति ने समाज के लिए प्रेरणादायक बताया है। समिति ने क्षेत्र के प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों एवं युवाओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने व प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## पुराने राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

### धौलपुर में न्यायालयों का निरीक्षण व समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** सदस्य राजस्व मण्डल, अजमेर राजेश कुमार दडिया गुरुवार को न्यायालय उपखंड अधिकारी, धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजेश कुमार ने न्यायालय में वर्षों से लंबित पुराने प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए उनमें नजदीकी पेशी तिथि निर्धारित कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में सदस्य दडिया ने मंगलवार को धौलपुर में अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं सहायक कलक्टर न्यायालय का भी निरीक्षण कर लंबित राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से 5 वर्ष एवं 10 वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के पश्चात दडिया ने जिले के सभी उपखंड अधिकारियों व तहसीलदारों की पुनर्समीक्षात्मक बैठक ली। बैठक में उन्होंने राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर देते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा-212 (अस्थायी निषेधाज्ञा) से संबंधित प्रकरणों को विशेष प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। साथ ही बंटवारा संबंधी मामलों में प्रक्रियात्मक सुधार एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। श्री दडिया ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निस्तारण में लोक अदालत की भावना एवं मध्यस्थता के प्रावधानों का अधिकतम उपयोग किया जाए, जिससे आमजन को त्वरित राहत मिल सके। इस दौरान अधिकारियों की कानूनी शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी., अतिरिक्त जिला कलेक्टर हरिराम मीणा सहित जिले के सभी उपखंड अधिकारी व तहसीलदार अपने रीडर के साथ उपस्थित रहे।

## सिजरौली में ग्राम रथ का जोरदार स्वागत

### लोक कला, डिजिटल प्रस्तुति और जनसंवाद से योजनाओं की मिली जानकारी

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायत सिजरौली में आकर्षक और जागरूकता से भरपूर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अटल सेवा केंद्र पर हुए आयोजन में ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों की खासी भागीदारी रही। ग्राम रथ के गांव में पहुंचते ही उत्साह का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल पर जुटे। इस दौरान 13 विभागों की प्रमुख योजनाओं का डिजिटल माध्यम से लाइव प्रदर्शन किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश सुनाया गया, जिसमें उन्होंने आमजन से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने गीत, भजन और नुक्कड़ नाटकों के जरिए योजनाओं की जानकारी रोचक अंदाज में दी। प्रस्तुतियों के माध्यम से योजनाओं के लाभ और आवेदन प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया गया। विभागीय अधिकारियों ने भी मौके पर मौजूद ग्रामीणों को योजनाओं से जुड़ी प्रचार सामग्री वितरित कर जागरूक किया। ग्रामीणों की भागीदारी बढ़ाने के लिए सुझाव पेटिका भी रखी गई, जिसमें लोगों ने अपने सुझाव और फीडबैक दर्ज कराए। अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर उन्हें लाभ से जोड़ना है।

### आज इन गांवों में पहुंचेगा ग्राम रथः

1 मई को बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के कुरैंधा, पिपहेरा, रजौरा कलां और झीलरा, धौलपुर विधानसभा के मालोनी खुर्द, ओदी, फिरोजपुर, बसेड़ी के बीझौली, गौलारी, मदनपुर, धौन्ध तथा राजाखेड़ा के दुल्हारा, अधन्नपुर, खेरली और ढोढ़िकापुरा गांवों में प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## अवैध पत्थर परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

जयपुर टाइम्स




**फुलेरा(निस)।** अवैध खनन व पत्थर परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना फुलेरा ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है।जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद (आईपीएस) ने बताया कि जिले में अवैध खनन व परिवहन पर रोक लगाने के लिए सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के निर्देशन में तथा थानाधिकारी फुलेरा राजेन्द्र कुमार (पुलिस निरीक्षक) के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, गश्त के दौरान टीम श्मशान के पास सांभरलेक रोड, फुलेरा पहुंची, जहां एक मैसी फर्ग्यूसन 241 डीआई ट्रैक्टर (नंबर आरजे 14 आरई 8549) ट्रॉली में काले इमारती पत्थर भरकर सांभर से फुलेरा की ओर आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर चालक ने ट्रैक्टर को तेज गति से भगाने का प्रयास किया, जिससे संदेह होने पर पुलिस टीम ने पीछा कर मां मीरा मैरिज गार्डन के पास उसे रुकवाया। जांच में ट्रॉली में अवैध इमारती पत्थर भरे पाए गए। चालक से रॉयल्टी/रवन्ना के दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसने अपना नाम सांवरमल पुत्र नारायण लाल गुर्जर (उम्र 26 वर्ष), निवासी कोरसीना थाना सांभरलेक बताया तथा स्वीकार किया कि वह पत्थर गांव की खान से चोरी कर लाया है। ट्रैक्टर अपने भाई राजेश का होना बताया गया। इस पर पुलिस ने आरोपी सांवरमल को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अवैध पत्थर जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ प्रकरण भारतीय न्याय संहिता व खनिज (विकास व विनियमन) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है। पुलिस टीम में थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार (पुलिस निरीक्षक), कांस्टेबल सरदार, महिला कांस्टेबल माया तथा चालक दीपक शामिल रहे।

## होम लोन पर बढ़ी स्टाम्प ड्यूटी से बढ़ा बोझः MODT शुल्क घटाने की उठी मांग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान में गृह ऋण (होम लोन) लेने वाले मध्यमवर्गीय परिवारों पर बढ़ते आर्थिक दबाव को लेकर अब आवाज उठने लगी है। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए एक ज्ञापन में होम लोन से जुड़े स्टाम्प ड्यूटी और MODT (Memorandum of Deposit of Title Deeds) पंजीकरण शुल्क को कम करने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि पहले MODT पर स्टाम्प ड्यूटी की दर करीब 0.25' थी, जिसे नए नियमों के तहत बढ़ाकर लगभग 1' (सेस सहित) तक कर दिया गया है। इसका सीधा असर आम नागरिकों की जेब पर पड़ रहा है। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई व्यक्ति 50 लाख रुपए का होम लोन लेता है तो उसे केवल स्टाम्प ड्यूटी के रूप में ही करीब 50 हजार रुपए अतिरिक्त खर्च करने पड़ रहे हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि एक ओर केंद्र और राज्य सरकार 'अफोर्डेबल हाउसिंग' को बढ़ावा देने की बात कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर पंजीकरण शुल्क में वृद्धि इस लक्ष्य के विपरीत असर डाल रही है। इससे घर बनवाने और खरीदने की प्रक्रिया महंगी हो गई है, जिसका असर खासकर मध्यम और निम्न आय वर्ग पर पड़ रहा है। ज्ञापन में सरकार से मांग की गई है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए स्टाम्प ड्यूटी और अनिवार्य पंजीकरण शुल्क में की गई बढ़ोतरी पर पुनर्विचार किया जाए। साथ ही इन शुल्कों को पहले की तरह कम किया जाए, ताकि आम लोगों पर आर्थिक बोझ कम हो सके और 'सबका आवास' का लक्ष्य भी साकार हो सके। ज्ञापनकर्ताओं ने उम्मीद जताई है कि सरकार इस संवेदनशील मुद्दे पर जल्द सकारात्मक निर्णय लेगी।

## सांगानेर में अवैध गैस रिफिलिंग का भंडाफोड़ः 35 सिलेंडर जब्त, दो भाई गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** सांगानेर सदर थाना पुलिस ने अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मकान से 35 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है, जो घरेलू गैस सिलेंडरों को ब्लैक में महंगे दामों पर बेच रहे थे। पुलिस के अनुसार अजय शर्मा और उसका भाई बिरदीचंद शर्मा एक मकान में अवैध रूप से गैस सिलेंडर जमा कर उन्हें करीब 3000 रुपए प्रति सिलेंडर के हिसाब से बेच रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने दबिश देकर पूरे मामले का खुलासा किया। यह कार्रवाई डीसीपी राजर्षि राज के निर्देश पर एसीपी भवानी सिंह के सुपरविजन में सांगानेर सदर थाना प्रभारी अनिल जैमिनी और उनकी टीम द्वारा की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध गैस रिफिलिंग न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे बड़े हादसे की आशंका भी बनी रहती है। ऐसे मामलों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## नीट 2026 में नकल पर सख्तीः 3 साल तक बैन, एफआईआर तक होगी कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (यूजी) परीक्षा 2026 को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन जयपुर ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। परीक्षा में किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों (यूएफएम) का उपयोग करने वाले अभ्यर्थियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिसमें अधिकतम 3 साल तक एनटीए परीक्षाओं से प्रतिबंध और लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 के तहत आपराधिक मामला दर्ज करना शामिल है। परीक्षा कोऑर्डिनेटर महिपाल सिंह ने बताया कि परीक्षा से पहले, दौरान या बाद में किसी भी स्तर पर नियमों का उल्लंघन करने पर अभ्यर्थी का परिणाम तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा। गलत परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने, किसी अन्य अभ्यर्थी की ओएमआर शीट या प्रश्न पत्र पर लिखने या लिखवाने की स्थिति में भी रिजल्ट रद्द होगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नकल के मामलों में दोषी अभ्यर्थी को नई ओएमआर शीट या प्रश्न पुस्तिका नहीं दी जाएगी और उसे उसी शीट पर परीक्षा जारी रखनी होगी। साथ ही, प्रत्येक मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसमें घटना का समय, जब्त सामग्री, निरीक्षकों और अभ्यर्थी के बयान दर्ज होंगे। बयान देने से इनकार करने की स्थिति में भी इसका रिकॉर्ड रखा जाएगा। ओएमआर शीट या उत्तर पुस्तिका को परीक्षा केंद्र से बाहर ले जाने की कोशिश करने पर तुरंत कार्रवाई होगी। शीट वापस नहीं मिलने की स्थिति में पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और इसकी सूचना एनटीए को भेजी जाएगी। प्रतिरूपण (डमी कैंडिडेट) के मामलों में नकली अभ्यर्थी को तत्काल पुलिस के हवाले कर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। वास्तविक और नकली दोनों अभ्यर्थियों के बयान लिए जाएंगे और प्रेक्षक को गवाह बनाया जाएगा। गंभीर अनुशासनहीनता के मामलों में पुलिस को तुरंत सूचित करना अनिवार्य किया गया है। वहीं, परीक्षा अधीक्षक या संबंधित कार्मिक की लापरवाही सामने आने पर जिला स्तरीय समन्वय समिति द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा की शुचिता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जाए, जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी निर्देशित किया है।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
01 मई, 2026

## सचिन पायलट के खिलाफ दिए बयान पर चूरू के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताया आक्रोश



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व एआईसीसी के महासचिव कांग्रेस के स्टार प्रचारक लोकप्रिय जन नेता सचिन पायलट के खिलाफ भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन अग्रवाल की ओर से दिए गए गलत बयान के विरोध में गुरुवार को चूरू जिला मुख्यालय पर कांग्रेस जनों ने राधा मोहन के खिलाफ नारेबाजी करके आक्रोश व्यक्त किया और माफी मांगने की मांग की। इस अवसर पर महनसरिया ने कहा कि पायलट पूरे देश में लोकप्रिय जन नेता है। युवाओं के मसीहा है। पूरे देश का युवा पायलट को अपना भविष्य मानते हैं। उनके खिलाफ इस प्रकार की अशोभनीय टिप्पणी करके अग्रवाल ने युवा शक्ति का विरोध किया है। जिसे युवा सहन नहीं करेंगे, अग्रवाल पायलट साहब के खिलाफ बोलकर अपना कद बढ़ाना चाहते हैं। यह उनकी भूल है। अग्रवाल का कद बढा नहीं घटा है। विरोध प्रदर्शन में सुरेश शर्मा इंजीनियर, मुशी खान चांद खानी, अमर सिंह दनेवा, हरफूल भाबू, सतवीर बेनीवाल, मोहन ट्रेलर, कालूराम महर्षि, सलीम गौरी, मोहम्मद मुस्लिम लुहार, मुमताज लुहार, महबूब खान नसवान,रिटायर्ड प्रिंसिपल लियाकत खा मोइल, इदु खान फतेह खानी, खुशी मोहम्मद, शाकीर चौहान, मोहम्मद खालिद भाटी, अयूब खान मलवान, शिक्षाविद अरुण शर्मा, मनोज महनसरिया एडवोकेट, शिवम सोनी,सहित उपस्थित लोगों ने सचिन पायलट जिंदाबाद राधा मोहन अग्रवाल मुर्दाबाद मुर्दाबाद , राधा मोहन माफी मांगो माफी मांगो, नारे लगाए गए।

## गोठा बड़ी में स्कूल निर्माण पर उठे सवाल: कमजोर नींव-घटिया सामग्री के आरोप, ग्रामीणों का जोरदार प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव गोठा बड़ी में निर्माणाधीन विद्यालय को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण स्कूल परिसर में एकत्रित हुए और निर्माण कार्य में कथित गड़बड़ियों के विरोध में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार की ओर से निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिससे भवन की गुणवत्ता और सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय भवन की दीवारें मजबूत नींव के बिना ही खड़ी कर दी गई हैं। नींव में पर्याप्त भराव नहीं किया गया, जिससे भवन की स्थायित्व क्षमता संदिग्ध हो गई है। उनका आरोप है कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जबकि इस परियोजना पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि इसी तरह निर्माण जारी रहा तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे बच्चों की जान को खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और दोषी ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी मांग रखी कि निर्माण कार्य को निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुसार दोबारा कराया जाए, ताकि बच्चों के लिए सुरक्षित और मजबूत भवन तैयार हो सके। प्रदर्शन के दौरान गांव के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## चूरू में विकास की हकीकत उजागर

### मुख्य सड़क पर गंदा पानी, बदहाल हालात से लोगों में रोष

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** शहर में विकास के दावों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां कर रही है। धर्म स्तूप से बिसाऊ की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर ऊंटवालिया हाउस से लेकर निर्माणाधीन पुल तक फैले गंदे पानी ने स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। हालात ऐसे हैं कि राहगीरों का गुजरना भी मुश्किल हो गया है और क्षेत्र में दुर्गंध से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर लंबे समय से गंदा पानी जमा है, जिससे न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। कई बार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। बाहर से आने वाले लोग भी इन हालात को देखकर आश्चर्य जता रहे हैं और शहर के विकास पर सवाल खड़े कर रहे हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि संबंधित विभागों की अनदेखी के कारण समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। नगर परिषद और प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के चलते जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं हो पा रही है, जिससे गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, सड़क की मरम्मत कराई जाए और सफाई व्यवस्था को नियमित किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। शहरवासियों का कहना है कि विकास के दावों को जमीन पर उतारना जरूरी है, ताकि आमजन को वास्तविक सुविधाएं मिल सकें और इस प्रकार की समस्याओं से छुटकारा मिल सके।

# नगरपरिषद का ट्रैक्टर लेबर का टेंडर चढ़ा सियासी भेंट

### भाजपा नेता के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ नगरपरिषद में सफाई कार्य में लगने वाले ट्रेक्टर्स व लेबर का टेंडर अब राजनीतिक गर्मी का कारण बनता जा रहा है। इस टेंडर को लेकर रोज-रोज ज्ञापन लग रहे हैं और किसी न किसी बहाने इस टेंडर की चर्चा चारों तरफ हो रही है। और तो और इसी टेंडर को लेकर आगामी दिनों में धरने प्रदर्शन तक की तैयारियां हो चुकी हैं। लेकिन सोचने वाली बात ये है कि अधिकारी टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के लिए किस बात का इंतजार कर रहे हैं। इस मामले को लेकर भाजपा नेता गंगाधर लाखन के नेतृत्व में वाल्मिकी समाज के लोगों ने गुरूवार को गणेश मंदिर से उपखंड कार्यालय तक रैली निकाली और नारेबाजी करते हुए



प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद उपखंड अधिकारी व नगरपरिषद के प्रशासक ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि शहर में 60 वार्ड हैं, इसलिए एक दो ठेकेदारों को कचरा उठाने का जिम्मा दिया जाना उचित नहीं है। इसके लिए 5-5 वार्ड के कुल 12 जॉन बनाकर इनके अलग-अलग टेंडर निकाले जाए, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था और बेहतर हो सके। गंगाधर लाखन ने उपखंड अधिकारी को बताया कि ठेकेदारों के लिए काम करने वाले समस्त सफाई कार्मियों या संविदाकार्मिकों के लिए भुगतान की व्यवस्था बैंक खाते से की जावे और पीएफ आदि नियमानुसार काटे जावें। ज्ञापन पर दीनदयाल सियोता, प्रकाशचंद सियोता, आनंद लाखन, घनश्याम, दिलीप धवन, मुनालाल, प्रेमराज, विश्वनाथ, विक्की सहित बड़ी संख्या में लोगो के हस्ताक्षर हैं।

### कांग्रेस नेता ने की 4 मई से धरना देने की घोषणा:

दूसरी ओर कांग्रेस नेता अजय ढ़ेनवाल ने इस मुद्दे को लेकर 4 मई से नगरपरिषद कार्यालय के सामने धरना शुरू करने की घोषणा कर दी है। उपखंड अधिकारी व नगरपरिषद के प्रशासक को भेजे गए ज्ञापन में अजय ढ़ेनवाल ने बताया है कि 18 मार्च 2026 को ट्रेक्टर ट्रोली मय ड्राईवर डीजल श्रमिक औजार सहित निविदा लगाई गई थी। इसी निविदा को खुलने की तिथि 30 मार्च को तकनीकी निविदा खुलनी थी व 31 मार्च वित्तीय निविदा खोलने व दर स्वीकृत करने तिथि थी, जबकि उक्त निविदा की तकनीकी बीड तो खोल दी गई है। लेकिन आज तक वितीय निविदा नहीं खोली गई। क्योंकि अधिकारियों ने इसे कैंसिल करने का कुप्रयास किया। इस बारे में 23 अप्रेल को दिशा की मीटिंग में जिला कलेक्टर के समक्ष भी ज्ञापन दिया गया था। लेकिन अब तक न्यायोचित परिणाम नहीं आया है। इसी प्रकार गांधी चौक स्थिति नेहरू पार्क में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर, महाकवि कन्हैयालाल सेठिया की प्रतिमाएं लगाये जाने व इस पार्क को आम जन के लिए खुला रखे जाने व पार्क में नगर परिषद की सम्पति होने का बोर्ड लगाए जाने की मांग भी की गई है। नेहरू पार्क में पूर्व की भांति प्याऊ का संचालन नगर परिषद की ओर से कर आमजन को राहत देने की मांग की गई है। दोनों मांगे पूरी नहीं होने पर 4 मई से नगर परिषद कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किये जाने की जानकारी अजय ढ़ेनवाल की ओर से प्रशासन को दी गई है।

## यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा का जोरदार स्वागत, कार्यकर्ताओं से किया संवाद

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** राज्य के यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के गुरुवार को मंडावा आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। वे भाजपा नेता दिनेश धाबाई के भतीजे के विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। समारोह में शिरकत करने के बाद मंत्री खर्रा ने स्थानीय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात कर संगठनात्मक चर्चा भी की। इस अवसर पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मंत्री का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिससे माहौल पूरी तरह राजनीतिक और उत्साहपूर्ण नजर आया। कार्यक्रम में झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भामूं, जिला भाजपा अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि, पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे। इसके अलावा भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया, संदीप शर्मा, कैलाश पीपलवा, पूर्व सरपंच सज्जन पूनिया, प्रमोद देवड़ा, सुनील सैनी, गोविंद जोशी और बाबूलाल सैनी समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने मंत्री का स्वागत कर उनसे संवाद किया। प्रायोजक दिनेश धाबाई ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से सामाजिक और राजनीतिक समन्वय को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम में मंत्री खर्रा ने कार्यकर्ताओं से क्षेत्रीय विकास, शहरी योजनाओं और संगठनात्मक मजबूती को लेकर भी चर्चा की। मंत्री के आगमन से मंडावा क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी देखने को मिली और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया।

## जेके लोन अस्पताल में कलेक्टर का औचक निरीक्षण: व्यवस्थाओं पर कसा शिकंजा

### स्वच्छता से लेकर दवाओं की उपलब्धता तक दिए सख्त निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** बच्चों की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। संदेश नायक ने गुरुवार को जे.के. लोन बाल चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि बच्चों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई कतई स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने अस्पताल के एनआईसीयू (नवजात गहन चिकित्सा इकाई), आईपीडी, ओपीडी, विभिन्न वार्डों और प्रयोगशाला का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने वहां मौजूद व्यवस्थाओं, उपकरणों की स्थिति, दवाओं की उपलब्धता और स्टाफ की कार्यप्रणाली को परखा। प्रयोगशाला में जांच प्रक्रियाओं की गति और गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपचाराधीन बच्चों के परिजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं, अनुभव और सुझाव सुने। कई परिजनों ने साफ-सफाई, भीड़ प्रबंधन, दवाओं की उपलब्धता और मार्गदर्शन से संबंधित मुद्दे उठाए। कलेक्टर ने इन सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने पाया कि अस्पताल में चिकित्सकीय सेवाएं नियमित रूप से संचालित हो रही हैं और डॉक्टर व स्टाफ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन कुछ व्यवस्थागत कमियां अब भी मौजूद हैं। इस पर उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, वार्डों में नियमित सफाई और संक्रमण नियंत्रण के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विशेष रूप से कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक बच्चे को समय




पर, गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील उपचार मिलना चाहिए। इसके लिए दवाओं और आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी स्थिति में मरीजों को परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि परिजनों को बेहतर मार्गदर्शन और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें अनावश्यक भटकाव का सामना न करना पड़े। साथ ही, अस्पताल परिसर में भीड़ प्रबंधन और व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल की सभी व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और छोटी से छोटी समस्या का भी समय रहते समाधान किया जाए। निरीक्षण के दौरान प्राप्त सुझावों के आधार पर तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या कर्तव्य में चूक पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने यह भी संकेत दिए हैं कि भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे, ताकि सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

### सरकारी स्कूल की अनोखी पहल

## बंजारा बस्ती के बच्चों के लिए टीचर्स ने शुरू की वैन सेवा, 30 बच्चों का दाखिला

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की नई मिसाल पेश करते हुए सांखू कस्बे के विजयपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ने अनूठी पहल की है। यहां विद्यालय स्टाफ ने अपने स्तर पर खर्च उठाकर स्कूल वैन सेवा शुरू की है, जिससे दूरस्थ बंजारा बस्ती के बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जा रहा है। इस पहल के तहत करीब 3 से 4 किलोमीटर दूर रहने वाले बच्चों को स्कूल लाने और छोड़ने के लिए दो वैन संचालित की जा रही हैं। इस व्यवस्था के साथ ही विजयपुरा विद्यालय क्षेत्र का पहला सरकारी स्कूल बन गया है, जहां विद्यार्थियों के लिए वैन सुविधा उपलब्ध कराई गई है। आमतौर पर ऐसी सुविधाएं निजी स्कूलों में देखने को मिलती हैं, लेकिन सरकारी स्कूल के शिक्षकों की यह पहल शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### छोटे बच्चों को बड़ी राहत, सुरक्षित पहुंचे स्कूल:

विद्यालय प्रशासन के अनुसार इस सुविधा से छोटे बच्चों को रोजाना पैदल लंबी दूरी तय करने से राहत मिलेगी। अब वे सुरक्षित और समय पर विद्यालय पहुंच सकेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन की कमी के कारण कई बच्चे पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं, ऐसे में यह पहल उनके लिए नई उम्मीद बनकर सामने आई है।

### स्टाफ ने मिलकर उठाया पूरा खर्च

विद्यालय के प्रधानाचार्य चुनीलाल बड़सरा ने बताया कि इस योजना को विद्यालय स्टाफ के सामूहिक सहयोग से शुरू किया गया है। वैन संचालन पर सालाना तीन लाख रुपये से अधिक का खर्च आएगा, जिसे शिक्षक स्वयं वहन



करेंगे। उनका उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा दूरी या संसाधनों की कमी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे।

### जागरूकता से बढ़ा नामांकन

अध्यापिका बबीता चौधरी और विनोद देवी ने बंजारा बस्ती का दौरा कर अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इसके परिणामस्वरूप करीब 30 बच्चों का विद्यालय में प्रवेश कराया गया। इन बच्चों का शैक्षणिक प्रदर्शन भी सराहनीय रहा है और अधिकांश ने 'ए' ग्रेड हासिल किया है।

### सरकारी स्कूलों पर भरोसा बढ़ाने की पहल:

शिक्षकों का कहना है कि सरकारी विद्यालयों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। अभिभावकों को निजी स्कूलों की चमक-दमक से आगे बढ़कर सरकारी स्कूलों की उपलब्धियों को समझना चाहिए। पिछले वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा, जो शिक्षा के स्तर को प्रमाणित करता है।

यह पहल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव का संकेत है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि यदि शिक्षक ठान लें तो संसाधनों की कमी भी बच्चों के भविष्य के आड़े नहीं आ सकती।

## 1 से 15 मई तक घर बैठे करें जनगणना: जयपुर में स्व-गणना शुरू

### कलेक्टर की अपील-ओटीपी किसी से साझा न करें

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जयपुर जिले में जनगणना के प्रथम चरण के तहत स्व-गणना का कार्य 1 मई से 15 मई 2026 तक किया जाएगा। इसके लिए अधिकृत पोर्टल पर परिवार का मुखिया या कोई भी सदस्य घर बैठे डेस्कटॉप या स्मार्टफोन के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेगा। जिला कलक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संदेश नायक ने जिलेवासियों से स्व-गणना में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि स्व-गणना के दौरान ओटीपी किसी के साथ साझा नहीं किया जाए, यहां तक कि प्रगणक के साथ भी नहीं। स्व-गणना के बाद प्रगणक घर-घर जाकर दर्ज आंकड़ों का सत्यापन करेंगे। पोर्टल पर जानकारी भरने के बाद प्री-व्यू की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे अंतिम सबमिट से पहले डेटा में संशोधन किया जा सकेगा। फाइनल सबमिट के बाद सीधे बदलाव संभव नहीं होगा, हालांकि सत्यापन के समय प्रगणक के माध्यम से संशोधन कराया जा सकेगा। प्रशासन ने जनगणना 2027 की तैयारियां पहले ही चरणबद्ध तरीके से पूरी कर ली हैं। किशनपोल जोन (नगर निगम हेरिटेज) के वार्ड 55, 56 और 63 में नवंबर 2025 तक प्री-टेस्ट पूरा किया जा चुका है। इसके साथ ही सीमा निर्धारण (सीमा फ्रीज), प्रशासनिक इकाइयों की सूची और मानचित्रों का सत्यापन भी 31



दिसंबर 2025 तक संपन्न कर लिया गया। जनगणना कार्य के सुचारु संचालन के लिए जिला एवं चार्ज स्तर पर जनगणना सेल गठित किए गए हैं। जिले में कुल 5277 गणना ब्लॉक बनाए गए हैं, जिनके लिए 4779 प्रगणक और 780 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी फरवरी 2026 में चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा चुका है। जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली (सीएमएमएस) पर आईडी मैपिंग, ब्लॉक निर्माण और कार्मिकों की सूची तैयार करने सहित सभी आवश्यक कार्य पूरे कर लिए गए हैं। अगले चरण में मकान सूचीकरण एवं भवन गणना का कार्य 16 मई से 14 जून 2026 तक किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण में वास्तविक जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में प्रस्तावित है। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि स्व-गणना कार्य को पूरी गंभीरता और निष्ठा से संपादित किया जाए। साथ ही जनप्रतिनिधियों और आमजन को अधिक से अधिक स्व-गणना के लिए प्रेरित कर इस अभियान को सफल बनाने पर जोर दिया गया है।

### महिला व बाल विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक

# केंद्र के निर्देशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में गुरुवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख योजनाओं–सक्षम आंगनबाड़ी, पोषण 2.0 और मिशन शक्ति–की समीक्षा तथा राज्य कार्यक्रम समिति (स्टेट एम्पावर्ड प्रोग्राम कमेटी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन, समन्वय और प्रभावशीलता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने नई दिल्ली में आयोजित पांचवें राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन में भारत सरकार द्वारा दिए गए



निर्देशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से प्राप्त पत्रों का समयबद्ध जवाब देने पर भी जोर दिया। उन्होंने विभागीय योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता बताई। वन स्टॉप सेंटरों का निरीक्षण कर वहां दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य सचिव ने 'लाडो योजना' के पोर्टल को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए शिक्षा विभाग व अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय बैठकों के आयोजन पर जोर दिया। इसके अलावा विद्या समीक्षा केंद्र के पोर्टल का अध्ययन कर उसमें सुधार के सुझाव लागू करने को कहा। आंगनबाड़ी सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों को नजदीकी राजकीय विद्यालयों के साथ कोलोकेशन प्रक्रिया में तेजी लाने, चैंपियन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित प्रशिक्षण व वेबीनार के माध्यम से अपडेट रखने के निर्देश दिए। साथ ही अभिभावक-कार्यकर्ता बैठकों में बच्चों के पिता की भागीदारी बढ़ाने पर भी बल दिया। मुख्य सचिव ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर आधारभूत सुविधाएं बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों के साथ अभिसरण (कन्वर्जेंस) के जरिए प्रगति लाने की बात कही। बैठक में समेकित बाल विकास सेवाएं की वार्षिक कार्यक्रम क्रियान्वयन योजना 2026-27 को भी अनुमोदित किया गया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।